## एक नजर

### नागार्जुन बिजली घर पर चला सफाई अभियान



**बिल्सी।** सब डिवीजन के नागार्जुन बिजली घर पर धर्मात्मा कुमार के निर्देशन में शनिवार को सफाई अभियान चलाया गया। बिजलीघर के आसपास कूड़ा हटाया गया। गंदगी हटाने में गांव के लोगों ने भी सहयोग किया। क्षेत्र के गांव नागार्जुन बिजलीघर के आसपास भारी गंदगी थी जिसे कर्मचारियों ने साफ किया। आसपास खड़ी घास को हटाया गया। गंदगी साफ करने के लिए सुबह से ही अभियान शुरू कर दिया गया। सफाई अभियान में गांव के लोग भी मौजूद रहे। विभाग के बड़े अधिकारियों के निर्देश पर चलाए गए अभियान का नेतृत्व अवर अभियंता धर्मात्मा कुमार ने किया। इस मौके पर रामू, सूरज, बली मोहम्मद, वीरपाल, और पंकज मीटर रीडर आलोक शिवम आदि मौजूद रहे।

# उत्तरपुस्तिकाओं का चार केंद्रों पर होगा मूल्यांकन

## बोर्ड परीक्षा की तरह जिला एवं क्षेत्रीय कार्यालय के कंट्रोल रूम से रखी जाएगी नजर, मिले निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। अब मूल्यांकन की तैयारी की जा रही है। हाई स्कूल-इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से शुरू हो रहा है। इसके लिए शहर में चार कॉलेजों को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। इस कार्य में करीब दो हजार से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा रही है। सोमवार को बोर्ड से परीक्षकों की सूची आने पर तस्वीर साफ होगी। वहीं, बोर्ड परीक्षाओं की तरह ही मूल्यांकन की भी निगरानी की जाएगी। जिला एवं क्षेत्रीय कार्यालयों पर बने कंट्रोल रूम से नजर रखी जाएगी।

जिले में 22 फरवरी से शुरू हुई हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हुई थीं। बीती नौ मार्च को इंटरमीडिएट संस्कृत विषय के पेपर के साथ परीक्षाओं का समापन हो गया। करीब 17 दिनों तक चलीं परीक्षाओं में 64,166 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। समय से छात्र-छात्राओं का परीक्षा फल आ जाए इसके लिए 16 मार्च से ही कॉपियों का मूल्यांकन शुरू होगा।

मूल्यांकन के लिए राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, श्री कृष्णा इंटर कॉलेज और हाफिज सिद्दीकी इस्लामिया इंटर कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। यहां कॉपियां जांची जाएंगी। बोर्ड परीक्षा की तरह मूल्यांकन भी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी। इसे ऑनलाइन जीजीआईसी और प्रदेश मुख्यालय पर बने केंद्रों से लाइव देखा जाएगा। बोर्ड की ओर से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को लेकर अधिकारियों को सक्रिय होकर मूल्यांकन कार्य में पारदर्शिता का ख्याल रखने के निर्देश दिए गए हैं।

- मूल्यांकन के लिए लगाए जाएंगे दो हजार से अधिक शिक्षक, 16 मार्च से शुरू होगा

एक दिन में अधिकतम 40 कॉपियों का मूल्यांकन करना होगा

सुरक्षा की दृष्टिकोण से मूल्यांकन केंद्रों पर सुरक्षा बलों की भी तैनातीकी जाएगी। परीक्षकों की ड्यूटी परिषद की तरफ से ही तय की जाएगी। स्कूलों की तरफ से इसकी सूची अपलोड कर दी गई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सोमवार को परीक्षकों की सूची आ जाएगी। मूल्यांकन केंद्र में कॉपियों की संख्या के अनुपात में जांच के लिए परीक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। एक परीक्षक को एक दिन में अधिकतम 40 कॉपियों का मूल्यांकन करना होगा।

### मूल्यांकन केंद्र पर मोबाइल ले जाना रहेगा वर्जित

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि मूल्यांकन केंद्र पर परीक्षकों के मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंधित कर दिया गया है। परीक्षक मूल्यांकन केंद्र में मोबाइल नहीं ले जा पाएंगे। केंद्र में प्रवेश करने के बाद उस दिन मूल्यांकन कार्य समाप्ति होने के बाद ही परीक्षक केंद्र से बाहर आ सकेंगे। सिर्फ मूल्यांकन के मुख्य नियंत्रक और उप नियंत्रक के पास ही मोबाइल फोन रहेगा। हाईस्कूल और इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरी पारदर्शिता से कराया जाएगा। योग्य परीक्षकों को मूल्यांकन में लगाया जाएगा। मूल्यांकन कार्य सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी। जिसकी मॉनीटरिंग जीजीआईसी कॉलेज में बने कंट्रोल रूम के साथ ही प्रदेश स्तर पर बने कंट्रोल रूम केंद्र से की जाएगी।

### यूपी बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर होंगी परिषदीय विद्यालयों की परीक्षाएं

**बदायूं।** यूपी बोर्ड परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। अब 16 मार्च से परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। जिसकी तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है। यूपी बोर्ड परीक्षाओं की तरह ही बेसिक शिक्षा विभाग प्रश्नपत्रों को खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से वितरित कराएगा। कक्षा छह और आठ का मूल्यांकन भी न्याय पंचायत और ब्लॉक संसाधन केंद्र पर किया जाएगा। कक्षा एक की परीक्षाएं मौखिक होंगी। कक्षा छह से आठ तक की लिखित परीक्षाएं कराई जाएंगी। रिपोर्ट कार्ड छपवाने के लिए शासन की ओर से बेसिक शिक्षा विभाग को करीब छह लाख रुपये का बजट आवंटित कर दिया है। साथ ही परीक्षाओं को लेकर शिक्षक प्रश्नपत्र तैयार करने में जुटे हुए हैं। परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षाओं को लेकर बेसिक शिक्षा सचिव द्वारा बीएसए को निर्देश जारी किए गए हैं। जारी किए गए निर्देशों के अनुसार कक्षा एक से आठ तक की वार्षिक परीक्षा विभाग की ओर से निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कराई जाएं। परीक्षा समाप्ति के 10 दिन बाद ही 31 मार्च को परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। परीक्षा की शुचिता को बरकरार रखने के लिए सील बंद प्रश्न पत्र जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान से खंड शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध कराए जाएंगे। परीक्षा के दौरान विद्यालय में प्रधानाध्यापक के अलावा सिर्फ एक ही स्कूल के शिक्षक मौजूद रहेंगे। जरूरत के अनुसार आसपास के अन्य विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा के लिए लगाई जाएगी। कक्षा पांच की उत्तर पुस्तिकाएं न्याय पंचायत के दूसरे विद्यालय के शिक्षकों द्वारा जांचा जाएगा। वहीं कक्षा आठ की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी सह समन्वयक की देख-रेख में किया जाएगा।

> वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू हो रही हैं। पेपर में बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय प्रश्न होंगे। कक्षा एक की मौखिक परीक्षा कराई जाएगी। जिसके निर्देश बीईओ और शिक्षकों को दे दिए गए हैं।
> – **स्वाती भारती**, बीएसए।

# युवाओं को सामाजिक समरसता का कराया बोध



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

- नगर के एक अस्पताल में हुआ युवा सम्मेलन, वक्ताओं ने किया संबोधित

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की युवा समन्वय समिति द्वारा नगर के एक अस्पताल पर संघ के सहसवान जिले का युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें अतिथियों द्वारा युवाओं को सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, स्वच्छता व उनके कर्तव्यबोध तथा अधिकारों के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डा राजा बाबू वार्ष्णेय ने की। उन्होंने युवाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। विभाग प्रचारक विशाल ने युवाओं को समाज और परिवार में आजकल आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सात्विक जीवन के साथ राष्ट्र को समर्पित रहने का आह्वान किया। इससे पहले अतिथियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम का आरंभ किया।

इस मौके पर जिला प्रचारक सहसवान राजीव कुमार, नगर के सह संचालक डॉ उमेंद्र गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अनुज वार्ष्णेय, राहुल शर्मा, दीपक गुप्ता, मुनीश उपाध्याय, गोपाल चांडक, नीरज शर्मा, अखिल मालपाणी, वीरेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# मिलावटखोरी रोकने को शुरू नहीं किया अभियान

संवाददाता, सहसवान



दुकान पर बिक्री के लिए रखा पनीर और दही।

- अकबराबाद समेत कई स्थानों पर हो रही मिलावटखोरी

**अमृत विचारः** नगर की अकबराबाद सब्जी मंडी समेत तमाम स्थानों पर मिलावटी पनीर की बिक्री जोरों पर है। दुकानदार खुले में इसकी बिक्री कर हैं लेकिन ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई को खाद्य विभाग द्वारा अभी तक अभियान की शुरुआत नहीं की गई है।

नगर से लेकर गांव देहात में खुलेआम मिलावटी पनीर व मावा लोगों को शादी ब्याह में परोसा जा रहा है। साथ ही इसकी बिक्री भी बाजार में हो रही है। दुकानदार बर्फ पर रखकर इसकी बिक्री खुलेआम कर रहे हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम को डीएम खाद्य विभाग को आदेश जारी किए हुए हैं। लेकिन खाद्य विभाग द्वारा अभी तक छापामार अभियान की शुरुआत नहीं की गई है।

# मांगों को लेकर मजदूर संगठन डीएम को देगा ज्ञापन

**बदायूं, अमृत विचारः** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शहर के मोहल्ला लोटपुनपुरा स्थित कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। इसमें विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया।

संगठन के प्रदेश महामंत्री बिल्लू चौहान ने कहा कि सभी निकायों के मजदूर संगठनों द्वारा 12 सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम व एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजकुमार रोहिल, विनोद कुमार, सुभाष चंद्र, संजय कटारिया, शांति स्वरूप एडवोकेट, विनोद, चमन, लल्ला बाबू, राजकुमार, सिद्धार्थ, शिवा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने दंगाइयों को खदेड़ा, किया लाठीचार्ज



दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास करती पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, कादरचौक

- पर्वों व सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने किया बलवा ड्रिल का अभ्यास

**अमृत विचारः** आगामी त्योहारों और लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए थाना पुलिस ने दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया।

दंगा नियंत्रण के पूर्वाभ्यास के दौरान पुलिस कर्मियों ने भीड़ को तितर-बितर करने के क्रियाकलापों बलवा ड्रिल का अभ्यास किया। उनके द्वारा दंगाइयों/बलवाइयों को खदेड़ने, घायलों को अस्पताल ले जानें तथा गिरफ्तारी करने आदि का भी प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही भीड़ को तितर बितर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के संबंध में जानकारी थाना प्रभारी द्वारा पुलिस कर्मियों को दी गई।

### थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक



उघैती। आगामी रमजान, होली तथा लोकसभा चुनाव में शांति स्थापित करने के लिए रविवार को थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें संभ्रांत लोग मौजूद रहे। पीस कमेटी की बैठक में नवागत थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने सम्मानित लोगों, ग्राम प्रधान तथा मस्जिद के इमाम आदि से क्षेत्र में भाईचारा स्थापित करने को लेकर अपील की। कहा कि इस दौरान किसी प्रकार का कोई खुराफाती तंत्र करते हुए पाया गया तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस बल ने किया पैदल रूट मार्च



**बिल्सी।** आगामी लोकसभा चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर थाना पुलिस ने अर्धसैनिक बल के साथ नगर के मुख्य बाजार और क्षेत्र के कई गांव में पैदल रूट मार्च किया। साथ ही सभी लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कोतवाल ने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति खुराफात करता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि समय रहते उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा सके।

# होली पर मिलेगी सस्ती दर पर चीनी, वितरण 12 मार्च से

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले में 45 हजार से अधिक हैं अंत्योदय कार्डधारक
- वितरण के लिए चीनी का ब्लॉकवार किया गया आवंटन

**अमृत विचारः** इस बार अंत्योदय कार्ड धारकों को राशन के साथ ही तीन-तीन किलो चीनी दी जाएगी। इसके लिए उन्हें 18 रुपये प्रति किलो के हिसाब से मूल्य चुकाना होगा। शासन की ओर से जिले के लिए करीब एक लाख 36 हजार एमटी चीनी आवंटित की गई है। जिसका ब्लॉकवार वितरण कर दिया गया है। माना जा रहा है कि 12 से राशन और चीनी कार्डधारकों में वितरित होगी। जिले में पांच लाख 25 हजार से अधिक कार्ड धारक हैं। इनमें 45 हजार से अधिक अंत्योदय कार्डधारकों की संख्या है। पात्र गृहस्थी और अंत्योदय कार्ड धारकों को हर माह निःशुल्क गेहूं चावल आदि का वितरण किया जाता है। अंत्योदय कार्ड धारकों को 35 किलो राशन कोटेदारों द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। होली पर अंत्योदय कार्डधारकों को तीन-तीन किलो चीनी सस्ती दर पर उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए शासन ने जिले को एक लाख 36 हजार मीट्रिक टन चीनी आवंटित कर दी है। अंत्योदय कार्डधारकों को 18 रुपये प्रति किलो के हिसाब से मूल्य चुकाना होगा।

विभागीय कर्मचारियों के मुताबिक 12 मार्च से मुफ्त राशन के साथ ही निर्धनों को तीन-तीन किलो चीनी दी जाएगी। जिले में ब्लॉकवार चीनी का आवंटन भी कर दिया गया है। पात्र गृहस्थी के कार्ड धारकों को यह सुविधा नहीं मिलेगी। इस संबंध में डीएसओ रमन मिश्रा ने इस बात की पुष्टि की है।

# सफाईकर्मी की मनमानी से गांव में लगे गंदगी के ढेर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सात सौ की आबादी वाला गांव उदमई भारी गंदगी से बीमारियों की चपेट में आ सकता है। गांव में चार महीने से सफाई कर्मचारी नहीं आया है। ग्रामीणों का कहना है कि गंदगी के कारण गांव में मच्छर बढ़ गए, जिससे बीमारियों के फैलने की संभावना बनी हुई है।

ब्लॉक जगत की ग्राम पंचायत कुतरई का मजरा उदमई में सात सौ मतदाता रहते हैं। गांव में आज भी पुराने जमाने का खड़ंजा पड़ा हुआ है। खड़ंजे के दोनों ओर गालियां भी नहीं बनाई गई हैं। नालियां नहीं होने से गांव का गंदा पानी इधर उधर भी बहता रहता है। नालियों में कीचड़ रहने से मच्छर बढ़ गए हैं। जगह जगह लगे गंदगी के ढेर लोगों के लिए मुसीबत का कारण बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चार महीने से गांव में सफाई कर्मचारी नहीं आया है जिससे गांव के लोग खुद ही नाले साफ करने को मजबूर हैं। कुछ लोगों ने इसकी शिकायत ब्लॉक पर की फिर भी गांव को सफाई कर्मी नहीं दिया गया है।

गांव में सफाई नहीं होने से लोगों को गंदगी से होकर गुजरना पड़ रहा है। घरों के आगे टूटी नालियों का पानी कहीं-कहीं सड़कों पर बह रहा है। ग्रामीणों ने डीपीआरओ से मांग की है कि इस गांव को अलग से सफाई कर्मचारी दिया जाए जिससे गंदगी को साफ किया जा सके।



उदमई गांव में गंदगी से भरी पड़ी नाली।

> दोनों गांव को एक सफाई कर्मचारी मिला है इसलिए प्रतिदिन सफाई नहीं हो पा रही है। अब गर्मी का मौसम शुरू होने जा रहा है। एक और सफाई कर्मचारी की मांग की जाएगी जिससे दोनों गांवों में हर रोज सफाई कराई जा सके।
> – **गुलबहार**, ग्राम प्रधान।

### लोगों की बात



गांव में चार महीने से सफाई नहीं की गयी है जिससे जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। नाली कीचड़ से भरी पड़ी है। गंदगी से लोग परेशान हैं। ग्राम प्रधान सफाई नहीं करा रहा है
– **जसवीर।**



इस गांव का दुर्भाग्य है कि यहां सफाईकर्मी नहीं आता है जिससे पूरा गांव गंदगी के ढेर में तब्दील हो गया है। जिम्मेदार कभी देखने को भी नहीं पहुंचते। कई बार शिकायत की है।
– **राजेन्द्र।**



ग्रामीणों ने सफाई कराने को ब्लॉक पर शिकायत की फिर भी सफाई कर्मचारी नहीं भेजा गया। नाली में कीचड़ जमा हो चुका है। बदबू उठती रहती है। मच्छर भी शुरू हो गये हैं।
– **रामावतार।**



यहां कोई अधिकारी देखने को भी नहीं आता है। लोग अपने स्तर से सफाई कर लेते हैं। नाली नियमित रूप से साफ नहीं होती इसलिए नरक जैसी स्थिति बनी हुयी है। परेशानी बढ़ रही है।
– **राजू।**

# लेखपाल पर नहीं हुई कार्रवाई निरस्त किया जाति प्रमाण पत्र

संवाददाता, कुंवरगांव

- ओबीसी के स्थान पर एससी वर्ग का लेखपाल ने बना दिया था प्रमाणपत्र
- गलत प्रमाण पत्र होने पर दिव्यांग को नहीं मिला ट्रायल रिक्शा का लाभ

**अमृत विचारः** लेखपाल ने दिव्यांग ओबीसी युवक का एससी जाति प्रमाण बनाया। वह ट्रायल रिक्शा को आवेदन करने पहुंचा तो फर्जीवाड़ा सामने आया। मामला जब अफसरों के संज्ञान में आया तो प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया। लेखपाल पर कार्रवाई भी नहीं हुई।

सालारपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव अंबियापुर निवासी मोरपाल पुत्र राजाराम दिव्यांग यादव ओबीसी हैं। वह विकास भवन में ट्रायल रिक्शा को आवेदन करने पहुंचे थे। अधिकारियों ने आवेदन का अवलोकन किया। इसके बाद अधिकारी ने मोरपाल से पूछा आप किस जाति से हो तो उन्होंने बताया कि यादव ओबीसी हैं। इसके बाद अधिकारी ने पत्रावली से एससी का प्रमाण पत्र निकाल कर अलग कर दिया। मामला तहसील स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद जारी किए गए जाति प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया लेकिन लेखपाल पर कार्रवाई न हो सकी। जिसकी चर्चा क्षेत्र में है। इस संबंध में लेखपाल राकेश कुमार का कहना कि एससी का प्रमाण पत्र धोखे से जारी हो गया था। उसको दूसरे ही दिन निरस्त करा दिया गया है। वहीं, तहसीलदार सुरेन्द्र सिंह का कहना है कि हमने रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को दे दी है। उनके स्तर से ही लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई होगी। प्रमाण पत्र को निरस्त करा दिया गया है।

**तैयारी** | प्रतियोगी कोर्सों की तैयारी करेंगे परीक्षार्थी, विद्यार्थियों ने सांझा किए विचार

# नीट तो कोई आईआईटी की तैयारी की बना रहा योजना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले में 27763 इंटरमीडिएट छात्रों ने दी थी यूपी बोर्ड परीक्षा

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त हो गई हैं। अब इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की योजना बनाने लगे हैं। आईआईटी तो कोई नीट तथा यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करने की सोच रहा है। वहीं, तमाम ऐसे भी हैं, जो कंफ्यूज हैं कि आगे भविष्य बनाने के लिए क्या विकल्प चुनें। इस बार की बोर्ड परीक्षाओं में 27763 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे।

बोर्ड की परीक्षाएं खत्म हो गई हैं। ऐसे में जिन्होंने 12वीं की परीक्षा दे ली हैं। उनके मन में बड़ा सवाल ये है कि अब आगे क्या करें। हालांकि उनके सामने कई विकल्प खुले हुए हैं। वह नीट, यूपीएससी, आईआईटी और क्लैट यानि कॉमन एडमिशन टेस्ट या फिर एसएसबी के द्वारा सेना, नौसेना और वायु सेना में युवाओं की भर्ती के लिए तैयारी कर सकते हैं।

जिले में इस बार 27763 इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी है। इनमें करीब 15 हजार से अधिक ऐसे छात्र हैं, जिन्होंने गणित या फिर जीव विज्ञान विषय के साथ परीक्षाएं दी हैं। गणित और जीव विज्ञान विषय के साथ परीक्षा देने वाले विद्यार्थी नीट और आईआईटी की तैयारी करने का विचार कर रहे हैं। वहीं, कला वर्ग से परीक्षा देने वालों के सामने भी विकल्प खुले हुए हैं। वह यूपीएससी की तैयारी करने की सोच रहे हैं। इनमें तमाम ऐसे भी हैं, जो मात्र ग्रेजुएशन की ओर बढ़ेंगे।

### बोले छात्र



कला वर्ग से इंटरमीडिएट की परीक्षाएं दी हैं। एक दिन पूर्व ही परीक्षाएं दी हैं। किस प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करनी है। इसके बारे में सोचा नहीं है। यूपीएससी परीक्षा की तैयारी का मन बन रहा है।
– **महक।**



परीक्षा में अच्छे अंक आए यही मंशा है। जीव विज्ञान विषय के साथ बोर्ड परीक्षा दी है। नीट की तैयारी करने के लिए परिजन कह रहे हैं। रिजल्ट आने के बाद ही तय होगा कि किस प्रतियोगी परीक्षा को चुना जाए।
– **मंतसा।**



डॉक्टर बनने की इच्छा है। इसीलिए जीव विज्ञान लिया है। रिजल्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि नीट परीक्षा को पास कर पाने योग्य स्थिति है कि नहीं। अच्छे अंक आने पर तैयारी के लिए कोटा जाएंगे।
– **नैना।**



अभी भी परीक्षाएं समाप्त हुई हैं। किस प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करनी है। इसका अभी कोई मन बनाया नहीं है। रिजल्ट आने पर ही निर्णय करेंगे किस प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करनी है।
– **मानसी।**

# 50.56 किमी. सड़कों का किया लोकार्पण

**बदायूं, अमृत विचारः** प्रधानमंत्री ने रविवार को आजमगढ़ में 34 हजार 700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बदायूं के ग्रामीण क्षेत्र में नवनिर्मित 50.56 किलोमीटर की अनुमानित 27.21 करोड़ रुपये की सड़कें भी शामिल रहीं। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भाजपा कार्यालय पर देखा गया।

इनमें गांव हसनपुर से बदायूं तक 2.11 करोड़, बदायूं-बिजनौर रोड से बड़नौमी बरनी होते हुए 4.18 करोड़, पत्सा से चितौरा धनौरा 3.56 करोड़, रसूलपुर पर नहर पट्टी रोड 2.49 करोड़, मेरठ-बदायूं से पतरिया रोड वाया सिमरई रमपुरा (गुन्नौर) 2.99 करोड़, भिरावटी से गुरौठा राजपुरा (गुन्नौर) 3.56 करोड़ आदि सड़कें शामिल रहीं। इस मौके पर भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्य, भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता आदि रहे।

# एक हजार लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



शिविर के दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा।

- रामनाथ रामनारायन मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शिखर इंस्टीट्यूट में लगाया गया शिविर

**अमृत विचार :** रामनाथ रामनारायन मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कादरचौक मार्ग स्थित शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बदायूं, बरेली, मथुरा और नोएडा से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने एक हजार से ज्यादा मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दीं।

केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि सीओ सिटी आलोक मिश्रा, सीओ उझानी शक्ति सिंह, चिकित्सक और सहयोगियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आदित्य हरि गुप्ता, डॉ. संदीप वार्ष्णेय, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक सिंह, न्यूरोफिजिशियन डॉ. नीलेश गुप्ता, क्रिटिकल केअर फिजिशियन डॉ. राजेश कुमार वर्मा, न्यूरोसर्जन डॉ. कमल जिंदल, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक सिंह, डॉ. पूनम गुप्ता, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रुचि गुप्ता आदि ने मरीजों को सलाह दी। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत से मोतियाबिंद के फ्री आपरेशन के लिए मरीजों को चिह्नित किया गया।

शिविर के संयोजक डॉ. राजेश वर्मा, ट्रस्ट के ट्रस्टी राजन मेंहदीरत्ता, विक्रांत मेंदीरत्ता, करन थरेजा, इंस्टीट्यूट के चेयरमैन सुभाष थरेजा, कोऑर्डिनेटर राजीव सिंह, मैनेजर दयाराम राजपूत आदि मौजूद रहे। इसका संचालन इंस्टीट्यूट की प्रधानाचार्या सारिका सिंह ने किया।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा

सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर



डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)

सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286

- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग

पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली

समय :
सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

# जीआरपी-पुलिस ने रोका किसानों का ट्रेन रोको आंदोलन

## रविवार सुबह भाकियू के पदाधिकारी रेलवे स्टेशन पर डटे तो अधिकारियों ने समझाकर और चेतावनी देकर वापस लौटाया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



रेलवे स्टेशन परिसर में खड़े पीएसी के जवान। ● अमृत विचार



रेलवे स्टेशन गेट पर तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार



गेट पर भाकियू के पदाधिकारियों को वापस जाने को कहते जीआरपी के अधिकारी।



नायब तहसीलदार ने मालवीय अध्यापक आवास गृह पर जाकर लिया ज्ञापन।

**अमृत विचार :** विभिन्न मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन असली ने एलआइयू को रेल रोकने की पूर्व सूचना दी थी। जिस पर पुलिस और जीआरपी सक्रिय हो गई। रविवार सुबह भाकियू के पदाधिकारी रेलवे स्टेशन गेट पर एकत्र हो रहे थे तो प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। जीआरपी के अधिकारी व पुलिस ने उन्हें समझाकर वापस लौटाया। भाकियू ने मालवीय अध्यापक आवास गृह पर पंचायत की। नायब तहसीलदार और प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पुलिस उनके साथ मौजूद रही।

संयुक्त किसान मोर्चा के ट्रेन रोको आंदोलन के आह्वान पर पुलिस-प्रशासन सक्रिय हो गया था। इस दौरान भाकियू के जिलाध्यक्ष केपीएस राठौर को पुलिस चार बजे उनके घर पर नजरबंद कर दिया था। बाकी के पदाधिकारी संगठन की हरी टोपी पहने बिना सुबह लगभग 11 बजे रेलवे स्टेशन के गेट पर पहुंचे। जहां पहले से पीएसी, जीआरपी और कोतवाली सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई पुलिस बल के साथ मौजूद थे। छावनी जैसा माहौल था। जिला सचिव सूरजपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष प्रताप सिंह ने अन्य कार्यकर्ताओं के साथ रेलवे स्टेशन के भीतर जाने की कोशिश की लेकिन जीआरपी और पुलिस ने उन्हें बाहर ही रोक लिया। पुलिस ने कहा कि अगर अंदर जाने की कोशिश की तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि वह रेलवे स्टेशन के भीतर किसी भी सूरत में नहीं जा सकते। कार्यकर्ताओं ने फोटो लेना चाहा लेकिन जीआरपी ने रोक दिया। वहां से जाने को कहा। पदाधिकारी और कार्यकर्ता मालवीय अध्यापक आवास गृह पहुंचे। तब पुलिसकर्मी जिलाध्यक्ष को भी वहां लेकर पहुंचे। जहां जिलाध्यक्ष केपीएस राठौर ने पंचायत को संबोधित किया। कहा कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। जनता अपने हक की लड़ाई शालीनतापूर्वक लड़ रही है लेकिन प्रशासन सत्ता के दबाव में उनके हकों को कुचल रहा है। किसानों को जेल भेजने की धमकी दी जा रही है। मांगों को लेकर नायब तहसीलदार और प्रभारी निरीक्षक को किसानों ने ज्ञापन सौंपा।



मालवीय अध्यापक आवास गृह पर पंचायत को संबोधित करते भाकियू के जिलाध्यक्ष केपीएस राठौर।

इस मौके पर हरि सिंह पटेल, हरवंश सिंह, द्वारकी सिंह, मोहम्मद मोहन, वीरू, कुसुम लता, कमला देवी, ऊषा रानी, बॉबी, सुनीता यादव, पूनम यादव, रूपा यादव उपस्थित रहे।

# तीसरे दिन भी गंगा में होती रही तलाश, नहीं मिला युवक



युवक को तलाश करने के दौरान मौजूद परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, उसहैत



गंगा में युवक की तलाश के बाद फोल्डिंग स्टीमर ले जाती एसडीआरएफ की टीम।

- **महाशिवरात्रि के अवसर पर साथी को बचाने के चक्कर में गंगा में लापता हो गया था युवक**

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के अवसर पर अपने साथी को बचाने के चक्कर में एक युवक गंगा में लापता हो गया था। परिजन और ग्रामीणों की मांग पर एसडीएम दातागंज ने एसडीआरएफ टीम को बुलवाया था। टीम ने रविवार को गंगा में युवक की तलाश की लेकिन 10 घंटों की मशक्कत के बाद भी टीम खाली हाथ रही। देर शाम तक उसका कुछ पता नहीं चल सका। एसडीएम धर्मेंद्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह गंगा घाट पर रहे। सोमवार को फिर से तलाश शुरू की जाएगी।

महाशिवरात्रि के अवसर पर गांव म्यारी निवासी गिरीश पुत्र रामपाल गांव में अपने पड़ोसी नन्हें ठाकुर और अन्य 20 ग्रामीणों के साथ गंगा स्नान करने उसहैत क्षेत्र में अटैना गंगा घाट आए थे। स्नान के दौरान नन्हे ठाकुर का पैर फिसला और वह डूबने लगे तो गिरीश उन्हें बचाने के लिए गंगा में कूद गए थे। गंगा की तेज धार में वह बह गए। गोताखोरों के तलाश करने के लिए गिरीश का गंगा में कुछ पता नहीं चला। लापता गिरीश के चचेरे भाई शिव सिंह और ग्रामीणों की मांग पर एसडीएम दातागंज ने एसडीआरएफ की टीम बुलाई। टीम ने रविवार को गंगा में कांटा लगाया। फोल्डिंग स्टीमर से गंगा में कई किलोमीटर तक गिरीश की तलाश की लेकिन टीम सफल नहीं हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गंगा में युवक की तलाश जारी है। सोमवार को भी तलाश जारी रहेगी।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन



डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली



डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448



डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

# रास्ता रोक कर की मारपीट समझौते के बाद दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **महाशिवरात्रि के दिन रास्ता रोककर की थी मारपीट, पीड़ित ने दी तहरीर**

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के दिन पहले गंगा जल लेने के लिए जा रहे कांवड़ियों का कुछ लोगों ने रास्ता रोका था। कहासुनी के बाद मारपीट हुई। समझौता होने के बाद भी मिली धमकी पर पुलिस को तहरीर दी गई है।

थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव चंदाई निवासी पासी समाज के बाबूरा, सत्यवीर, अंकित, जगदीश, रोहन, ओमचरन, दुर्गा प्रसाद, कुंदन सिंह ने शनिवार देर शाम पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सात मार्च शाम लगभग साढ़े बजे वह दुर्गा देवी मंदिर से निकले थे। गंगा जल लेने के लिए कछला स्थित भागीरथी घाट जा रहे थे। इसी दौरान गांव में दूसरे पक्ष ने उनका रास्ता रोका। कहासुनी के बाद दूसरे पक्ष ने मारपीट की। पुलिस ने मामला शांत कराया। महाशिवरात्रि के दिन जल लेकर वापस लौटे। अब उन्हें फिर धमकी दी जा रही है। थाना इस्लामनगर के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

# महिला की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, कुंवरगांव



मृतका कामिनी।

- **मायका और ससुराल पक्ष के लोगों ने दी तहरीर, पुलिस ने शुरू की जांच**

**अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की मौत हो गई। सूचना पर मायका पक्ष ने तहरीर देकर ससुरालीजनों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कुंवरगांव क्षेत्र के गांव कसेर पनौटा निवासी धर्म सिंह ने तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपनी बेटी कामिनी (21) की शादी लगभग दो साल पहले कुंवरगांव क्षेत्र के गांव हरी नगला निवासी मुनेंद्र पुत्र सत्यपाल के साथ की थी। शादी में अच्छा खासा खर्च किया था। आरोप है कि शादी में दिए गए दान दहेज से ससुरालीजन खुश नहीं थे। 50 हजार रुपये और एक बाइक की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर वह लोग कामिनी को प्रताड़ित करने लगे। गाली-गलौज और मारपीट करते थे। मायका पक्ष ने आरोप लगाया कि ससुरालीजनों ने कामिनी की गला दबाकर हत्या की है। ससुरालीजनों ने बताया कि महिला एक महीने से बीमार चल रही थी। बरेली के निजी अस्पताल में उसका इलाज करा रहे थे लेकिन सुधार नहीं हो रहा था। कामिनी ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ा है। मुनेंद्र का आरोप है कि उनके ससुर धर्म सिंह घर आए और मारपीट की। उस दौरान कामिनी जिंदा थी। मुनेंद्र भी ससुर के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस गांव पहुंची। मामले की जांच की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कुंवरगांव के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि महिला की मौत हुई थी। बीमारी से मौत होने की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

संवाददाता, बिनावर/विजय नगला



प्रभारी निरीक्षक, पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते व्यापार मंडल के सदस्य।

- **बिनावर क्षेत्र के गांव पलिया झंडा के पास मुठभेड़ के बाद दुष्कर्म के आरोपी को किया था गिरफ्तार**

**अमृत विचार:** थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी दो साल की बच्ची के साथ गांव के युवक ने दुष्कर्म किया था। पुलिस ने आधी रात मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया। क्षेत्र के लोगों ने प्रभारी निरीक्षक और आरोपी को पकड़ने वाली टीम को सम्मानित किया।

शुक्रवार शाम थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान अपने खेत पर गया था। उसकी पत्नी घर पर काम कर रही थी और उनकी दो साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। गांव निवासी संजय आया और पॉपकार्न दिलाने के बहाने बच्ची को खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के पिता को बच्ची बेसुध हालत में मिली थी। जिला अस्पताल में उसका इलाज कराया था। रात लगभग पौने तीन बजे गश्त के दौरान पुलिस ने गांव पलिया झंडा के पास आरोपी को रोका तो उसने पुलिस की गाड़ी पर तमंचे से फायर किया। जवाब में पुलिस ने भी फायर किया। संजय के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके इलाज कराया और फिर जेल भेजा। आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने पर व्यापारी मंडल के पदाधिकारी और अन्य लोगों ने प्रभारी निरीक्षक और टीम को सम्मानित किया।

# पत्नी की जलाकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, मुजरिया

- **शराब के लिए रुपये न देने पर 7 मार्च को कर दी थी पत्नी की हत्या, अब भेजा गया जेल**

**अमृत विचार :** शराब के लिए रुपये न देने पर पति ने अपने पत्नी पर पेट्रोल छिड़कर और आग लगाकर जिंदा जला दिया था। बहू को बचाने के चक्कर में महिला की सास के हाथ जल गए थे। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा है।

थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव नैथुआ निवासी मुनीश सक्सेना पुत्र प्रेमस्वरूप सक्सेना 7 मार्च की शाम शराब पीकर घर आया। अपनी पत्नी सन्नो देवी से शराब पीने के लिए रुपये मांगे। शराब के लिए रुपये न देने पर उसने सन्नो देवी के ऊपर पेट्रोल छिड़क दिया। आग लगा दी। आरोपी के बेटे शिवम सक्सेना की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना मुजरिया थानाध्यक्ष आरती कौशिक को दी गई। एसएसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाई थीं। रविवार सुबह लगभग साढ़े 9 बजे पुलिस ने आरोपी मुनीश सक्सेना को सहसवान-दिल्ली मार्ग स्थित कौल्हाई पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट के समक्ष पेश करके उसके जेल भेजा गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष, उपनिरीक्षक हरिमोहन सिंह व अर्जुन सिंह, हेड कांस्टेबल पवन कुमार, गोविंद सिंह, गौरव प्रसाद, सुशील कुमार रहे।

# अन्य समुदाय की लड़की को लेकर गया दिल्ली का युवक

संवाददाता ,कुंवरगांव

**अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक दूसरे समुदाय की लड़की को बहला-फुसलाकर ले गया। दोनों अलग-अलग समुदाय के होने की वजह से गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। लड़की के पिता ने तहरीर देकर बेटी की बरामदगी की मांग की है।

तकरीबन डेढ़ महीने पहले दिल्ली के जहांगीरपुरी निवासी युवक कुंवरगांव क्षेत्र में काम करने के लिए आया था। एक गांव में राजमिस्त्री का काम कर रहा था। इसी दौरान वह पड़ोस में रहने वाली एक लड़की के संपर्क में आ गया। दोनों में संबंध हो गए। शुक्रवार को युवक लड़की को बहला-फुसलाकर ले गया। शनिवार शाम लड़की के पिता ने पुलिस को तहरीर दी है। गांव में तनाव है। पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **बिसौली क्षेत्र के मोहल्ला होली चौक निवासी थे मोनू, वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी युवक तीन दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल हो गए। अस्पताल में इलाज के उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिसौली क्षेत्र के मोहल्ला होली चौक निवासी मोनू वार्ष्णेय पुत्र वीरेंद्र वार्ष्णेय तीन दिन पहले आसफपुर रोड पर मदन लाल इंटर कॉलेज के सामने से होकर गुजर रहे थे। किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। मोनू वार्ष्णेय सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके सिर में चोट आई थी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान रविवार को मोनू वार्ष्णेय ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### रोडवेज की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**सहसवान।** रविवार सुबह रोडवेज बस ने पीछे से आकर एक युवक को टक्कर मार दी। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव गंगापुर निवासी अमन सागर पुत्र सोनपाल रविवार सुबह अपने घर जा रहे थे। फौजी ढाबा के पास रोडवेज बस की टक्कर से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 43747 वादों का निस्तारण

## 81 पारिवारिक, सिविल के 8527 और विभिन्न बैंकों के 1108 सहित कई मामले सुलझाए गए

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बीते शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर स्थित केन्द्रीय सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया था। इसका आरंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने किया।

इसमें फौजदारी व सिविल समेत विभिन्न तरह के 43,747 से अधिक मामले निस्तारित कराए गए।

प्राधिकरण के सचिव व एडीजे सारिका गोयल ने बताया कि विभिन्न बैंकों व फाइनेंस कंपनियों के प्री-लिटिगेशन स्तर पर ही समझौता कराकर कई मामले निपटाए गए। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुटुम्ब न्यायालय में आपसी समझौते के आधार पर कुल 81 पारिवारिक विवादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना के 41 मोटर दुर्घटना, विभिन्न बैंकों के 1108 मामले, भारत संचार निगम लि. के 19, राजस्व संबंधित 322 एवं अन्य प्रकार के 1019 मामले का निस्तारण कराया गया। इनके अलावा न्यायालयों में लंबित फौजदारी एवं सिविल के 8527 वादों का निस्तारण हुआ। वहीं, 41 मोटर दुर्घटना वादों का निस्तारण कर 3,20,27,000 रुपये की धनराशि पीड़ितों को बतौर क्षतिपूर्ति दिलाई गई।


बच्चे को ट्राई साइकिल देते जनपद न्यायाधीश पंकज अग्रवाल।


आपसी समझौते के बाद फूल माला पहने खड़े दंपती। ● अमृत विचार

- न्यायाधीशों के साथ बैंकों के अधिकारी और कर्मचारियों ने किया प्रतिभाग

### संवैधानिक पर्व पर एमएसीटी में किया गया 41 याचिकाओं का निस्तारण



**बदायूं।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत दिवस को संवैधानिक पर्व के रूप में मनाया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की पीठासीन अधिकारी डॉ. मचला अग्रवाल ने 41 याचिकाओं का निस्तारण करते हुए पीड़ितों को क्षतिपूर्ति के रूप में 3 करोड़ 20 लाख 27 हजार रुपये धनराशि देने का आदेश पारित किया। पीठासीन अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत दिवस को संवैधानिक पर्व के रूप में मनाते हुए हमारा प्रयास लोक कल्याण का होना चाहिए। उन्होंने बैंक और कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं विधि पर्व को सफल बनाने में विशेष सहयोग करने वाले अधिवक्ताओं का आभार जताया। दिव्यांगजन विभाग द्वारा ट्राइसाइकिल वितरित की गईं। ट्राइसाइकिल वितरण करने के दौरान उन्होंने दिव्यांगों को शुभकामनाएं दी। अधिवक्ता अनुराग शर्मा, हसीब हसन, राजेन्द्र अनेजा, रूपेश कुमार, नवीन कुमार, विश्वनाथ, प्रदीप कुमार सक्सेना, आदित्य कुमार राठौर, सुनीता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर 14 को

**बिसौली, अमृत विचार :** रोटरी व इनरव्हील क्लब की ओर से 14 मार्च को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। संस्था की ओर से आयोजित 15वें शिविर में आईएमए बरेली के चिकित्सक व स्टाफ अहम भूमिका निभाएंगे। शुक्रवार को दिनेश मधु आई हॉस्पिटल पर आयोजित बैठक में रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनोज माहेश्वरी ने कहा कि नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। रक्तदान शिविर के प्रायोजक रवि प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि सभी मेंबर्स को मिलकर मेहनत करनी है जिससे इस बार ब्लड डोनेशन का रिकॉर्ड बने। बैठक में आलोक गर्ग, विनय शर्मा, अनमोल गर्ग, विपिन गर्ग, संजय गर्ग, संदीप रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

### मंदिर पर हुआ भंडारा

**करियामई।** इस्लामनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोरहा में स्थित प्राचीन खाटू श्याम मंदिर पर रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हरि भगवान गुप्ता, बनवारी लाल, सुरजीत सिंह, विजेंद्र पाल, देवेंद्र सिंह, ओमप्रकाश आदि ने सहयोग किया।

### एनयूजे की जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण आज

**बदायूं।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट की प्रदेश इकाई का चुनाव विगत माह संपन्न हुआ। नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण 11 को प्रातः 11 बजे एक टेंट हाउस के निकट होगा। एनयूजे के जिला कार्यालय का भी उद्घाटन होगा। कार्यक्रम में एनयूजे के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों, राजनेताओं, व्यापारियों, चिकित्सकों और पूर्व पत्रकारों को भी आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी एनयूजे के जिला अध्यक्ष विवेक खुराना ने दी।

## सार-संक्षेप

### बैठक में सरफराज हुसैन बने नगराध्यक्ष



**बिल्सी।** बसपा की नगर के मोहल्ला संख्या तीन निवासी युवा नेता सरफराज हुसैन सैफी के आवास पर कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष आरपी त्यागी ने कहा कि आने वाले समय में दलित और मुस्लिम के साथ पिछड़ा वर्ग एक होकर देश में भी असमानता को दूर करेगा। उन्होंने कहा कि चार बार प्रदेश की सत्ता संभाल चुकी पार्टी मुखिया के कुशल कार्यकाल को आम जन नहीं भूले हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार के नाम पर केवल गुमराह करने का काम कर रही है। आज प्रदेश में कोई भर्ती परीक्षा का पेपर होता है तो लीक हो जाता है। इससे युवा को समय पर रोजगार नहीं मिल पाता है। इससे पहले सरफराज हुसैन ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बीएसपी का दामन थाम लिया। जिसपर जिलाध्यक्ष आरपी त्यागी ने उन्हें बिल्सी नगर के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। इनका सभी ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर जिला सचिव जगदीश सरन, विधानसभा अध्यक्ष अजयपाल गौलम, अब्दुलहक सैफी, चमनपाल गौतम, जमालउद्दीन सलमानी, सलीम सैफी, गुड्डू फरीदी, शरीफ सैफी, इल्यास खां, इस्तकार हुसैन आदि मौजूद रहे।

### अपना दल के जिला अध्यक्ष का किया स्वागत



**बदायूं।** अपना दल की बैठक शहर के एक लॉन के निकट नगला मंदिर में हुई। इसमें नवयुक्त जिला अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नदीम अशरफ ने कहा की अपना दल एस पार्टी में सर्वसमाज का सम्मान है। राष्ट्रीय अध्यक्ष कमजोर पिछड़ा दलित की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक बुलंद करती आई हैं। कहा कि पार्टी के द्वारा बदायूं में नई इकाई का जल्द गठन होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रदेश सचिव युवा मंच शिवेन्द्र पटेल, क्षेत्रीय मंडल सचिव कामता प्रसाद शाक्य, देवेंद्र सिंह, उस्मान अली, कुलदीप सिंह पटेल, रवीश पटेल आदि मौजूद रहे।

### आंवला सांसद ने क्षेत्र में किया रोड शो



**दातागंज।** लोकसभा चुनावों से पहले आंवला से भाजपा सांसद धर्मेन्द्र कश्यप ने क्षेत्र में रोड शो किया। दातागंज में काफिला पहुंचने पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने सांसद की अगवानी की। रोड शो के दौरान सांसद धर्मेंद्र कश्यप का जगह-जगह स्वागत हुआ। सांसद ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ जगह जगह बैठक कर चुनावी रणनीति बनाई। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान से शहर से लेकर गांवों तक घर-घर शौचालय बन गए हैं। पॉलीथिन को प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में किसानों को खाते में सीधे रुपये पहुंचने लगे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हर वर्ग का ख्याल रखते हुए तमाम महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की है। उन्होंने पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी की उपलब्धियां भी गिनाई।

### 47 छात्र-छात्राओं को बांटे स्मार्टफोन



**विजय नगला।** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत चौधरी महाविद्यालय में स्मार्टफोन का वितरण सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने किया। ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र के बदायूं मथुरा हाईवे स्थित ढकिया चौधरी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत बीए, बीएससी के छठे सेमेस्टर के 47 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने किया। सदर विधायक ने छात्र छात्राओं से स्मार्टफोन का सदुपयोग करने की बात कही। इस मौके पर चैरिटेबल ट्रस्ट चेयरमैन चौधरी आरपी सिंह, सचिव डॉ. शैली सिंह डॉ. पीके सिंघल कुलश्रेष्ठ, पवन आदि रहे।

## क्षेत्र में लगातार भैंस चोरी की घटनाओं से लोगों में रोष

संवाददाता, बिल्सी

- गांव खैरी से भैंस चुराकर ले गए चोर, शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज ग्रामीणों को खुलासे का इंतजार

**अमृत विचार:** पिछले एक पखवाड़े से क्षेत्र में भैंस चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चोरों के द्वारा क्षेत्र में लगातार भैंस चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है बावजूद पुलिस इन घटनाओं को रोक नहीं पा रही है। इस कारण क्षेत्र के पशुपालकों में दहशत का माहौल है।

शनिवार रात चोर क्षेत्र के गांव खैरी में इकरार अली पुत्र फुंदन के घर में बंधी दो भैंसों को चोर चुराकर ले गए। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने भैंसों को आसपास तलाश किया। मगर उनका कोई पता नहीं लगा। जिसके बाद उन्होंने थाना पुलिस को तहरीर दी है।

इससे पहले भी दो मार्च की रात क्षेत्र के गांव खैराती नगर निवासी किशनपाल पुत्र केदार सिंह एक भैंस को चुराकर पिकअप गाड़ी में लादकर ले गए। उन्होंने दौड़ कर चोरों को रोकने की कोशिश की। जिसके बाद चोरों ने उनके साथ मारपीट भी कर दी थी। इसमें थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट तो दर्ज कर ली। मगर अभी तक पुलिस किसी भी चोर नहीं पकड़ सकी है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही भैंस चोरी की घटनाओं से पशुपालकों में दहशत का माहौल है।

## सावित्रीबाई फुले को किया याद

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार:** नगर में रविवार को शाक्य-मौर्य समाज ने डा. बीपी मौर्य के आवास पर भारत की प्रथम महिला शिक्षिका राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले की 127 वीं पुण्यतिथि मनाई। लोगों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण किया।

डॉ बीपी मौर्य ने कहा कि सावित्रीबाई फुले भारत की ऐसी पहली महिला शिक्षिका थीं, जिन्होंने लड़कियों की शिक्षा पर जोर दिया। उस समय जब लड़कियों की शिक्षा पर सामाजिक पाबंदी बनी हुई थी, तब सावित्रीबाई फुले और उनके पति महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने वर्ष 1848 में मात्र नौ विद्यार्थियों को लेकर एक स्कूल की शुरुआत की थी। सत्यपाल सिंह शाक्य ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की प्रतीक व देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं को सबल व स्वाभिमानी व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भारत में उल्लेखनीय कार्य किया। 10 मार्च 1897 को उनका निधन हो गया।

इस मौके पर बृजपाल शाक्य, भूपसिंह शाक्य, तीरथ प्रसाद मौर्य, महेंद्र सिंह शाक्य, नेत्रपाल कुशवाहा, मुकेश चंद्र मौर्य, चंद्रपाल शाक्य, राजाराम शाक्य, राकेश शाक्य आदि मौजूद रहे


सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित करते संगठन के पदाधिकारी।

- शाक्य-मौर्य समाज ने प्रथम महिला शिक्षिका को किया याद
- लोगों से उनके बताए रास्ते पर चलने का किया आह्वान

## दंगल: आगरा के पहलवान कुंवर सिंह ने बरेली के लक्खा को दी पटखनी

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव खुनक में शिव तेरस के अवसर पर दो दिवसीय दंगल का आयोजन किया गया। इसमें कई जिलों से आए पहलवानों ने दांव पेंच दिखाए। आगरा के पहलवान ने बरेली के लक्खा को पटखनी देकर कुश्ती अपने नाम की।

मेला कमेटी अध्यक्ष जहांगीर पहलवान ने बताया कि शिव तेरस पर मेले का आयोजन काफी वर्षों से होता आ रहा है। इस बार हुए दंगल में अलीगढ़, आगरा, बरेली, बदायूं, आंवला आदि जगह के पहलवानों ने भाग लिया। दो दिनों तक पहलवानों के बीच मुकाबला हुआ। बताया कि जिला अलीगढ़ के पहलवान हीरापुर गोपी सहारनपुर के पहलवान सुनील को हराकर कुश्ती जीती। उन्हें दो हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। वहीं दूसरी कुश्ती आदिल पहलवान निवासी अलीगढ़ की अजमेर से आए बाबर पहलवान के बीच हुई। जीतने वाले को कमेटी की तरफ से तीन हजार रुपये पुरस्कार राशि के रूप में दिए गए। तीसरी बड़ी कुश्ती आगरा से आए पहलवान कुंवर सिंह बरेली से आए पहलवान लक्खा के बीच हुई। इसमें आगरा के पहलवान की जीत हुई। विजेता पहलवान को चार हजार रुपये का इनाम दिया गया। साथ में कमेटी की तरफ से एक शील्ड भी दी गई।


एक-दूसरे से हाथ मिलाते आयोजक। ● अमृत विचार

- दंगल में कई जिलों के पहलवानों ने की जोर आजमाइश

## श्रीमद्भागवत कथा के आरंभ से पूर्व निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, करियामई

- ब्रह्मदेव स्थान पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हो रहा है आयोजन

**अमृत विचार:** गांव स्थित ब्रह्मदेव स्थान पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आरंभ हो गया। सात दिवसीय कथा के आरंभ से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। इसमें गांव की महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

कथा के पहले दिन कथावाचक पूनम किशोरी ने वहां पर मौजूद श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत राम कथा का महत्व बताया। कहा कि भागवत की कथा मनुष्य के समस्त पापों को नष्ट करती है। जीवन में सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है।


कलश यात्रा में शामिल गांव की महिलाएं। ● अमृत विचार

## जलसे में पेश की तकरीर


तकरीर पेश करते उलेमा। ● अमृत विचार

संवाददाता, उसहैत

- हजरत चौक सैय्यद के आस्ताने पर किया गया आयोजन
- रात भर चला जलसे का दौर निर्धनों की मदद पर दिया जोर

**अमृत विचार:** कस्बा स्थित हजरत चौक वाले सैय्यद साहब के आस्ताने पर सालाना जलसे का आयोजन हुआ। इसमें उलेमाओं ने तकरीर पेश की। जलसे का दौर रात भर चला। इसमें लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

सालाना जलसे की शुरुआत जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती असगर अली और नूरानी मस्जिद के इमाम मौलाना अकबर अली ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजरत मौलाना शाने आलम सैदपुरी रहे। बाद नमाज़े ईशा का आगाज तिलावते कुरान से हाफिज सैयद जुबैर अली ने किया। इसके बाद उन्होंने हम्द और नात मनकबत पढ़ी। सैदपुर से आए मौलाना शाने आलम ने समाज में फैल रहीं कुरीतियों से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों की तालीम पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया। साथ ही युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का पैगाम दिया। शादियों में फिजूलखर्ची पर रोक लगाने और गरीबों की मदद करने को कहा। इस मौके पर चेयरमैन नबाव हसन, हाफिज मुजफ्फर कादरी, सैयद शाहिद अली, शाहनवाज खां आदि रहे।

## साइबर ठगी मामले में ओडिशा पुलिस ने दी दबिश

**बदायूं, अमृत विचार :** ओडिशा राज्य के जिला कांडी हांडी के थाना भवानी पटना क्षेत्र में साइबर ठगी हुई थी। वहां की पुलिस ने जांच की तो आरोपी कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव संग्रामपुर का निकला। थाना भवानी पटना के उपनिरीक्षक बैधनाथ नायक अपनी टीम के साथ शनिवार देर रात कोतवाली बिसौली पहुंचे। स्थानीय पुलिस की मदद से देर रात गांव संग्रामपुर में दबिश दी लेकिन यहां कोई आरोपी नहीं मिला। बताया जा रहा है कि पुलिस गांव के एक दर्जन लोगों की तलाश में है।

### हार्टअटैक से युवक की मौत

**बदायूं।** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव गनगोला निवासी ताज मोहम्मद पुत्र जान मोहम्मद रविवार दोपहर किसी काम से खेड़ा नवादा पुलिस चौकी के पास आए थे, जहां उन्हें हार्टअटैक आ गया। उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है। उनके परिजनों को सूचना दी है।

## राष्ट्र निर्माण की ओर युवाओं से ध्यान देने का किया आह्वान



सम्मेलन में मंचासीन वक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- युवा सम्मेलन समिति की ओर से कराया गया कार्यक्रम, वक्ताओं ने रखे विचार

**अमृत विचार:** रविवार को बदायूं क्लब मे युवा सम्मेलन समिति के तत्वावधान में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण की ओर ध्यान आकर्षित करने का आह्वान किया।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता रहे आरएसएस के प्रांत संघचालक शशांक भाटिया ने अपना विषय प्रतिपादित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर अनमोल ने की। वहीं, विशिष्ठ अतिथि रहे विभाग प्रचारक विशाल ने युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित किया। इस मौके पर डॉक्टर जीवन सारस्वत, घनश्याम, मनोज, जगजीवन आदि मौजूद रहे।

# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



# डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट

आरोग्य सदन बरेली 9837007202


एक नजर

### पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कासगंज :** सदर कोतवाली पुलिस ने पास्को एक्ट के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उपनिरीक्षक चंचन सिरोही ने बताया कि आरोपी राजवीर निवासी नगला डरू कोतवाली कासगंज के विरुद्ध कोतवाली में पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस उसे काफी दिनों से तलाश कर रही थी। आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया।

### शार्ट सर्किट से झोपड़ी में लगी आग

**कासगंज :** विकास खंड पटियाली के गांव नगला डकनरू में गांव निवासी प्रेमपाल के मकान पर पड़े छप्पर में विद्युत शार्ट सर्किट से मौत लग गई। आग की विकरालता की चपेट में पड़ोसी अमरीश और भंवरपाल की बुर्जी बुटोरा भी राख हो गए। घटना में प्रेमपाल की एक भैंस और पडिया झुलस कर घायल हुई है। एसडीएम के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके का निरीक्षण कर क्षति का आंकलन किया है।

# दो दिन बंद रही मटर मंडी, खुलते ही तेज हुई आवक

## बड़ी संख्या में मटर लेकर पहुंचे किसान,अंतिम चरण में चल रही है खरीद, कई राज्यों में जाती है मोहनपुरा की मटर

संवाददाता, मोहनपुरा

- कई जनपदों के किसान मटर लेकर पहुंचे

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर कावड़ियों की संभावित भीड़ के मद्देनजर प्रशासन के दिशानिर्देश पर स्थानीय स्तर से गत छह और सात मार्च को मटर मंडी बंद रखने की उद्घोषणा कराई गई। दो दिन के बाद आठ मार्च को हल्की फुल्की खरीदारी की गई। जैसे ही मंडी के खुलने की सूचना किसानों द्वारा अपने परिचितों को दी गई, वैसे ही मंडी में अन्य जनपदों के किसान मटर लेकर पहुंचने लगे। पिछले दो दिनों में अच्छी खासी तादाद में मटर आने से मंडी में एक बार फिर रौनक छा गई। एटा, हाथरस, मैनपुरी, बदायूं आदि जनपदों के किसान मंडी में माल लेकर पहुंच रहे हैं।

मटर की बहुतायत होने से सड़क पर वाहनों का काफी दबाव बढ़ गया और जाम की स्थिति बन गई। हालांकि स्थानीय मोहनपुरा पुलिस चौकी द्वारा सीसीटीवी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से नजर रखी जा रही है और जाम को रुकने नहीं दिया जा रहा है। गौरतलब है मोहनपुरा की मटर मंडी वर्षों से मुख्य मार्ग पर ही संचालित हो रही है। इन दिनों मटर की बहुतायत होने से मारहरा रोड, कासगंज रोड, सिकंदराराऊ रोड और सलेमपुर रोड से निरंतर वाहनों का आवागमन होता है जिस कारण मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति हो जाती है।



मोहनपुरा मंडी में ट्रकों में मटर की लोडिंग करते मजदूर। ● अमृत विचार

### फैक्ट्रियों को भेजा जा रहा है सारा माल

इस समय मटर की खरीद कर प्रदेश के साथ साथ उत्तराखंड स्थित फैक्ट्रियों में भेजा जा रहा है। अधिकतर फैक्ट्रियां उत्तराखंड के काशीपुर, रुद्रपुर, बाजपुर, जसपुर आदि शहरों में हैं। इन फैक्ट्रियों में मटर की फलियों से दाना निकाला जाता है जिसे संरक्षित किया जाता है। बाद में यही मटर फ्रोजन रूप में हर मौसम में बिक्री के लिए उपलब्ध होती है।

### मंडी में मटर का भाव

इस समय मंडी में मटर का थोक भाव 26 रुपए से लेकर 29 रुपए तक है। भाव की स्थिति माल के आवक और डिमांड पर निर्भर करती है। यदि आवक कम है और डिमांड ज्यादा है तो भाव ऊपर चढ़ जाता है, वहीं माल की अधिकता होते ही भाव गिरा दिया जाता है।

### पिछले 3 दिनों के आंकड़े

- 8 मार्च - करीब 25 से 30 ट्रक
- 9 मार्च - करीब 90 से 100 ट्रक
- 10 मार्च - करीब 100 से 110 ट्रक



दो दिन मंडी बंद रहने के बाद अब मटर की आवक फिर से काफी हुई है, फैक्ट्रियों की डिमांड भी अच्छी है। उसी के अनुरूप खरीद कर रहे हैं। – **भानु प्रताप**, मटर व्यापारी



अभी अधिकतर किसान अन्य जनपदों से मटर बेचने आ रहे हैं, इसलिए उनकी प्राथमिकता नगद भुगतान लेने की रहती है। किसानों की सुविधाओं के दृष्टिगत भुगतान भी नगद किया जा रहा है। – **प्रवीण कुमार**, मटर व्यापारी

# डीसीएम की टक्कर से ई-रिक्शा सवार महिला की मौत, दूसरी गंभीर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- घटना के बाद वाहन छोड़ भागा डीसीएम चालक

**अमृत विचार :** थाना ढोलना क्षेत्र में शनिवार की देर रात अनियंत्रित डीसीएम वाहन चालक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा में बैठी एक महिला की मौत हो गई। जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ई-रिक्शा को कब्जे में लिया है। चालक फरार है। महिला की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कस्बा बिलराम के मुहल्ल काजी निवासी 25 वर्षीय पीतमप्यारी पत्नी कमल सिंह एवं 58 वर्षीय ओमवती पत्नी नन्नू देर रात लगभग 12 बजे ई-रिक्शा से बिलराम जा रहीं थी। जब ई-रिक्शा बिलराम में ईंट भट्ठे के समीप था तभी वहां से गुजर रहे तेज रफ्तार डीसीएम वाहन चालक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना को अंजाम देकर डीसीएम चालक वाहन छोड़ मौके से भाग गया। सूचना परिजनों और पुलिस को मिली। जानकारी मिलते ही थाना ढोलना के इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की हालत गंभीर बताते हुए उन्हें अलीगढ़ मेडीकल कालेज रेफर किया गया।

जहां उपचार के दौरान पीतमप्यारी की मौत हो गई। जबकि ओमवती का उपचार जारी है। इंस्पेक्टर ने बताया कि महिला की मौत अलीगढ़ कालेज में हुई है। वहीं पर पोस्टमार्टम होगा। अभी इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू स्वराज के पदाधिकारियों को किया नजरबंद



गंजडुंडवारा में नायब तहसीलदार मुकेश कुमार को ज्ञापन देते किसान नेता।



घर पर नजरबंद भाकियू स्वराज के प्रभारी जिलाध्यक्ष शिवरतन उपाध्याय।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- गंजडुंडवारा रेलवे स्टेशन पर प्रस्तावित था रेल रोको आंदोलन
- कार्यकताओं ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**अमृत विचार :** किसान यूनियन के रविवार को प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन को प्रशासन ने असफल कर दिया। भारतीय किसान यूनियन स्वराज के नेता और कार्यकर्ताओं को उनके घरों पर ही नजरबंद कर दिया। कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों से संबंधित राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन पटियाली के नायब तहसीलदार को दिया।

संयुक्त किसान मोर्चा का रविवार को रेल रोकों आंदोलन था। जिले में भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने गंजडुंडवारा स्टेशन पहुंचकर रेल रोको आंदोलन को सफल बनाने की रणनीति तैयार कर ली थी। इसकी भनक पुलिस प्रशासन को लग गई थी। लिहाजा सक्रिय हुए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने किसान नेताओं से बातचीत की। आंदोलन न करने की अपील की। लेकिन किसान नेता अपनी जिद पर अड़े थे। प्रशासन ने मौके की नजाकत को देखते हुए किसान यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को उनके घरों पर ही नजर बंद कर दिया। कुछ कार्यकर्ताओं को एटा रोड स्थित कार्यालय पर नजरबंद किया गया। कार्यकर्ताओं ने मांग पत्र देने की बात रखी तो पटियाली के तहसीलदार मुकेश कुमार किसान यूनियन कार्यालय पहुंच और उन्होंने किसानों का ज्ञापन लिया। किसान नेता निर्देश तिवारी ने बताया कि 11 सूत्रीय मांग पत्र देकर मांगों को पूरा किए जाने की मांग की गई है। जिसमें एमएसपी गारंटी कानून, स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने की मांग प्रमुखता से रखी गई हैं।

# मजबूत बूथ ही चुनाव में जीत का आधार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी पटियाली विधान सभा क्षेत्र के बूथ सम्मेलन एसबीआर इंटर कालेज परिसर में हुआ। वक्ताओं ने कहा कि बूथ जीते तो चुनाव जीते का मंत्र ध्यान रखें। मजबूत बूथ ही चुनाव में जीत का आधार बनता है। कार्यकर्ताओं से पूरे जोश के साथ चुनाव में जुट जाने की अपील की।

बूथ सम्मेलन का आरंभ सांसद राजवीर सिंह, एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा ने दीन दयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

सांसद राजवीर सिंह ने कहा कि सशक्त बूथ की संरचना ही बूथ जीत का मंत्र है। चुनावी दृष्टि से संचालन समितियों की लोकसभा व विधानसभा स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, उन्हें पूरा करना है।

लोकसभा प्रभारी नागेंद्र दुबे गामा ने कहा कि केंद्र सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं को घर-घर संपर्क कर जनता तक पहुंचाएं। एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी ने कहा कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय व पूर्ण शक्ति के साथ राष्ट्रनिर्माण के संकल्प की सिद्धि के लिए करें। केपी सिंह सोलंकी, डा. खूब सिंह लोधी, नीरज मिश्रा, प्रदीप वर्मा, जितेंद्र बघेल, विष्णुदेव पाठक, डा. भूदेव सिंह राजपूत, गौरव गुप्ता, हरिभान सिंह, डा. सांत्वना पाराशर, सुशील सोलंकी, मनोज चौहान, कुलदीप प्रतिहार, केके सक्सेना मौजूद रहे।



श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीन दयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

# चुनाव की तैयारी में जुटी पुलिस, जमा कराए जा रहे शस्त्र

**जैथरा, अमृत विचारः** जैथरा थाना पुलिस लोकसभा चुनाव की तैयारियां में जुट गई है। भले ही अभी आचार संहिता नहीं लगी है। लेकिन चुनाव पूर्व कार्यों को पूरा किया जा रहा है।

पुलिस पोलिंग बूथों की स्थिति पर जाकर बारीकी से निरीक्षण कर रही है। साथ ही क्षेत्र में शांतिपूर्वक चुनाव कराने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी सुधांशु शेखर थाना प्रभारी राज कुमार सिंह को लेकर पुलिस व अर्धसैनिक बलों के साथ कस्बा व गांवों में मार्च कर चुके हैं। इस दौरान लोगों को निर्देश दिए थे कि सभी लाइसेंस धारक अपने शस्त्रों को जमा करा दें। चुनाव से पहले शस्त्र जमा न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस एलान के बाद लोग स्वतः शस्त्र लेकर थाने और शस्त्रों की दुकानों पर पहुंचने लगे हैं। वहीं पुलिस कर्मी भी लाइसेंस धारकों को व्यक्तिगत रूप से सूचना भेज रही है।

# 10 उपनिरीक्षकों को एसपी ने किया इधर से उधर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- नए तैनाती स्थल पर आमद कराने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** एसपी ने जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से 10 उपनिरीक्षकों को स्थानांतरित किया है। उनके कार्य क्षेत्र में बदलाव करते हुए नए तैनाती स्थल पर आमद दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। आदेश की अवहेलना पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने शनिवार की देर रात 10 उपनिरीक्षकों को स्थानांतरित करते हुए उनके कार्य क्षेत्र बदले हैं। पटियाली थाने से उपनिरीक्षक परमेंद्र सिंह को थाना गंजडुंडवारा, लहरा चौकी प्रभारी सत्यपाल सिंह को चौकी प्रभारी गोरहा बनाया है। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक प्रकाश चंद्र शर्मा चौकी प्रभारी पचलाना स्थानांरित किया है। पचलाना के चौकी प्रभारी रामकुमार वर्मा को थाना गंजडुंडवारा भेजा गया है। पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक धीरज सिंह को कादरगंज चौकी प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक हरिजीत सिंह को थाना सहावर, भूदेव प्रसाद को थाना सिकंदरपुर वैश्य, प्रहलाद सिंह को कोतवाली सोरों एवं उपनिरीक्षक रामकेश चौकी प्रभारी गोरहा से कोतवाली पटियाली स्थानांतरित किए गए हैं। जबकि उपनिरीक्षक राजभूषण सिंह को महिला रिपोर्टिंग चौकी से थाना गंजडुंडवारा स्थानांतरित किया गया है। एसपी ने बताया कि जिले की कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानांतरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि स्थानांतरित किए गए उपनिरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि अपनी नई तैनाती स्थल पर अपनी आमद दर्ज कराएं।

### युवती को गोली मारने के आरोपी भाई और मामा गिरफ्तार

**कासगंज :** बीते दिनों नोएडा के सेक्टर 115 निवासी रितिका पुत्री अशोक कुमार को उसके सगे भाई नितिन और उसके मौसेरा भाई गोलू और मामा पवन ने गोली मारकर नहर में फेंद दिया गया था। मामलें नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। तभी पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर आरोपी नितिन और पवन को गिरफ्तार कर लिया है। सीओ अजीत सिंह चौहान ने बताया कि आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेजा गया है। जबकि गोलू की तलाश जारी है।


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान

फ्री सलाह

अभी फोन करें :

GURU AADIL JI 9717810465

1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे

स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।


# खत्म हो गई बोर्ड परीक्षाएं अब मूल्यांकन की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- परीक्षा खत्म होने के बाद अब बेसिक शिक्षा की परीक्षाओं की तैयारी

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड की दसवीं वीं और बारहवीं की परीक्षा शनिवार को सम्पन्न हो गई है। परीक्षा खत्म होते ही दूसरे जिलों से आए परीक्षार्थी वापस लौट गए। इधर अब मूल्यांकन की तैयारी शुरू की जा रही है।

बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से नौ मार्च के बीच 12 कार्य दिवसों में कराई गईं। बोर्ड परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पहली बार ऐसा हुआ है कि कोई भी एफआईआर नहीं हुई और न ही कोई परीक्षार्थी नकल करते पकड़ा गया है। विभाग परीक्षा सम्पन्न कराए जाने के बाद कॉपियों की जांच कराने की तैयारी में जुट गया है। बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन 16 मार्च से 31 मार्च के बीच किया जाएगा। पिछले साल भी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन 31 मार्च को पूरा कराया गया था।

माध्यमिक शिक्षा विभाग की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं। अब मूल्यांकन की तैयारी की जा रही है। जिले में व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। – **एसपी मौर्य**, डीआईओएस

बेसिक शिक्षा विभाग परीक्षा की तैयारी में जुट गया है। परीक्षा व्यवस्थित रूप से कराई जाएगी। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। – **राजीव कुमार**, बीएसए

### बेसिक शिक्षा विभाग की परीक्षा की तैयारी

अब बेसिक शिक्षा विभाग परिषदीय परीक्षाओं को तैयारी में जुट गया है। जल्द ही परीक्षा शुरू होगी। परीक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जारी कर दिए हैं और खंड शिक्षा अधिकारियों को तैयारी पूरी करने के आदेश दिए हैं।

# 42.89 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- प्रधानमंत्री ने वर्चुअल कांफ्रेस के माध्यम से किया लोकार्पण

**अमृत विचार :** डीएस इंटर कालेज हरनाथपुर में रविवार को सांसद राजवीर सिंह ने 42.89 करोड रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल कांफ्रेस के माध्यम से दिल्ली में लोकार्पण किया गया।

प्रधानमंत्री ग्राम्य सड़क योजना के अंतर्गत 42.89 करोड़ की 64.150 किलोमीटर की योजना का लोकार्पण करते हुए सांसद राजवीर सिंह ने कहा कि यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार विकास का पर्याय बनी हुई है। विधायक देवेंद्र राजपूत, विधायक हरिओम वर्मा, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष डीएस लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष बाबी कश्यप रामनिवास राजपूत, राजवीर सिंह भल्ला, अनुरोध प्रताप सिंह, गौरी शंकर शर्मा, नीरज शर्मा, केपी सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र बोहरे, खूबसिंह लोधी, कुलदीप प्रतिहार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किशोरी से दुष्कर्म, रिपोर्ट

**एटा अमृत विचारः** पिलुआ थाना क्षेत्र में एक युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। एक व्यक्ति ने पिलुआ थाने में तहरीर दी कि उसकी 13 वर्षीय बेटी को युवक बहला फुसलाकर एक निर्जन स्थान पर ले गया और दुष्कर्म किया। फिर युवक ने किशोरी को धमकाया और चला गया। पिलुआ थाना प्रभारी दिनेश सिंह ने बताया कि घटना 7 मार्च 2024 की है। किशोरी के पिता की तहरीर पर 9 मार्च की रात दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपित रवि कुमारके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच पड़ताल क्षेत्राधिकारी सदर और वे स्वयं कर रहे हैं। जांचोपरांत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मौसम में परिवर्तन से बढ़ा बीमारियों का खतरा, रहें सावधान

**कासगंज, अमृत विचार :** मौसम में परिवर्तन से बीमारियों को बढ़ावा मिला है। सुबह शाम सर्दी का अहसास हो रहा है तो दोपहर में मौसम का रुख बदला होता है। मौसम के इस बदलाव में खान–पान और पहनने, ओढ़ने में मौसम के अनुरूप बदलाव न हो पाने से बीमारियां घर करने लगी हैं। सर्दी जुकाम खांसी ने घेर लिया है। अस्थमा और श्वांस रोगियों की भी परेशानी बढ़ गई है। फिलहाल बूढ़े और बच्चे बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचने वाले रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है तो निजी चिकित्सकों के यहां भी रोगियों की संख्या बढ़ी है। जैसे–जैसे मौसम बदल रहा है। वैसे–वैसे मच्छर भी तेजी के साथ पनप रहे हैं। मच्छरों से बीमारियों का खतरा बना हुआ है। ऐसे में मच्छरों से बचाव के लिए जहां एक ओर जिम्मेदार सरकारी अधिकारियों को ध्यान देना है वहीं दूसरी तरफ आम जनमानस को स्वयं मच्छरों से बचाव के इंतजाम करने की जरूरत दिख रही है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनुपम सिंह ने बताया कि मौसम में जब भी परिवर्तन होता है तो मौसमी बीमारियां जन्म लेती हैं। एहतियात की जरूरत है। अगर संभव हो सके तो गुनगुने पानी का सेवन करें। किसी भी रोग में चिकित्सक की सलाह से दवा लें।

## शहर में आज

- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- कांग्रेस पार्टी द्वारा लोकसभा प्रत्याशी का शुभारंभ कार्यक्रम शहनाई गार्ड में सुबह 10 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह भगवान परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।
- उत्तर प्रदेश जूनयर हाईस्कूल शिक्षक संघ का बीएसए कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन दोपहर दो बजे से।
- राष्ट्रीय सूर्य प्रकाश पार्टी का कलक्ट्रेट पर ईवीएम के विरोध में प्रदर्शन सुबह 11 बजे से।

# बीएलओ ने पढ़कर सुनाई मतदाता सूची

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सूची में नाम से वंचित न रहे कोई भी मतदाता: एसडीएम
- नवाब तरौरा पोलिंग बूथ पर स्वीप के अंतर्गत हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** मतदाताओं को जागरूक करने एवं आयु सीमा पूरी कर चुके प्रत्येक व्यक्ति को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए विशेष अभियान चल रहा है। स्वीप के तहत कार्यक्रम हो रहे हैं और लोगों को जागरूक करने के लिए पहल हो रही है।

स्वीप अभियान के बैनर तले मतदाता सूची में अपना अपना नाम चेक करने के लिए नवाब तरौरा पोलिंग बूथ पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची को मतदाताओं के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। जिला प्रभारी स्वीप डॉ. जयंत कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक मतदाता अपने-अपने बूथों पर जाए और अपने नाम एवं अन्य प्रविष्टियां को अच्छे से चेक करें।

किसी का नाम मतदाता सूची में नहीं है। छूट गया है तो तुरंत फार्म 6 भर कर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। उप जिलाधिकारी विनोद जोशी ने पोलिंग बूथ पर उपस्थित मतदाताओं से उनकी समस्या की जानकारी प्राप्त की एवं उसका समाधान भी बताया, उनके द्वारा पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची का निरीक्षण भी किया गया।

कहा कि मतदाता सूची से कोई भी मतदाता वंचित न रहे। नायब तहसीलदार सुमित कुमार यादव, केपी सिंह, लेखपाल अशोक कुमार यादव, रंजना सिंह, आलोक कुमार यादव, अब्दुल बारी, विजय कुमार राजपूत आदि मौजूद रहे।

### बंजर भूमि सुधार के लिए लाखों रुपये खर्च, फिर भी सैकड़ों बीघा भूमि ऊसर

# लाख जतन के बाद भी जमीन नहीं हो पा रही उपजाऊ

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** बंजर जमीनों को कृषि योग्य बनाने के लिए शासन ने लाखों रुपए खर्च किए, लेकिन भूमि की उर्वरा शक्ति नहीं लौटी। जिले में लगभग डेढ़ सौ हेक्टेअर भूमि भौगोलिक प्रतिकूलता की वजह से निष्प्रयोज्य साबित हो रही है। यहां उपज नहीं हो पा रही। विभागीय प्रयास कारगर नहीं हो रहे।

बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाने के लिए शासन ऊसर भूमि संरक्षण अभियान एवं किसान समृद्धि योजना


कासगंज में ऊसर भूमि। ● अमृत विचार

के तहत कृषि विभाग बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने का प्रयास करता है। भूमि की उपजाऊ शक्ति वापस लाता है। यह अभियान जनपद में भी चलाया जा रहा है, लेकिन कागजों में इसकी

- कृषि विभाग की भूमि संरक्षण शाखा किसान समृद्धि योजना के तहत कर रही है प्रयास

> किसान समृद्धि योजना के तहत ऊसर भूमि सुधार के लिए कृषि विभाग की भूमि संरक्षण शाखा अभियान चला रही है। किसानों को जागरूक किया जा रहा है। जब ऊसर भूमि सुधर जाएगी तो विभाग की ओर से बीज उपलब्ध कराया जाएगा।
> **- अवधेश मिश्रा,** जिला कृषि अधिकारी

रफ्तार तेज है और हकीकत कछुआ चाल चल रही है। शासन ने कृषि विभाग को लाखों रूपये इस उद्देश्य से दिए कि ऊसर भूमि सुधार अभियान के तहत निष्प्रयोज्य पड़ी भूमि को कृषि योग्य बना दिया जाए। रुपए मिले और विभाग भूमि सुधार के साथ-साथ कागजों के सुधार में भी जुट गया। जनपद में लगभग डेढ़ सौ हेक्टेयर भूमि बंजर पड़ी हुई है। शासन कृषि विभाग को धन देने के साथ-साथ मनरेगा के माध्यम से भी भूमि सुधार कराता है, लेकिन यहां कृषि और विकास विभाग दोनों ही मस्ती में मस्त हैं। आज भी बंजर भूमि निष्प्रयोज्य पड़ी है।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# ननद और भाभी को नशीला पदार्थ सुंघाकर समेट ले गए नगदी-जेवर

### फेरी वाले बनकर बेचने आए थे गैस चूल्हे, ननद की मूर्छा टूटने पर सामान छोड़ भागे टप्पेबाज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली के गांव सैलई में फेरी वाला बनकर गैस के चूल्हे बेचने आए बाइक सवार तीन युवक ननद-भाभी को नशीला पदार्थ सुंघाकर नगदी और आभूषण ले गए। ननद की मूर्छा टूटने पर चीख पुकार सुन टप्पेबाज अपना सामान छोड़कर भाग गए। पुलिस ने टप्पेबाजों द्वारा छोड़े गए सामान को कब्जे में लिया है।तहरीर दी गई है।

घटना रविवार दोपहर लगभग 12 बजे की है। सदर कोतवाली के गांव सैलई में एक बाइक पर सवार होकर आए तीन युवक गैस का चूल्हा और अन्य सामान फेरी कर बेच रहे थे। बाइक सवार गांव के महीपाल के घर पहुंचे। जहां उनकी पत्नी दिव्या और विवाहिता बहिन मीना थी। घर में कोई पुरुष मौजूद नहीं था। सामान बेचने के लिए वे घर में घुस गए। जब घर की महिलाएं उनसे बातचीत करने लगी तभी युवकों ने उन्हें रूमाल में लगा नशीला पदार्थ सुंघा दिया। भाभी और ननद बेहोश हो गईं। युवकों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी 15 हजार की


गांव सैलई में महिला से पूछताछ करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार


टप्पेबाज अलमारी से ले गए नगदी-जेवर।

- 15 हजार रुपये, सोने की चेन अंगूठी, पायल व अन्य चीजें ले गए

> गांव सैलई में टप्पेबाजी की घटना हुई है। मामले में पुलिस को तहरीर भी मिल गई है। पुलिस जांच और टप्पेबाजों की तलाश में जुटी है।
> **- चंचल सिरोही,** प्रभारी थानाध्यक्ष


टप्पेबाजों ने छोड़ा बेचने को लाया सामान।

नगदी, सोने की चेन, अंगूठी, चांदी की पायल, कालर कुंदनी चौरी कर ली। इसी दौरान मीना की बेहोशी टूट गई तो वह चीखी चिल्लाई तो युवक सामान छोड़कर बाइक से फरार हो गए। ग्रामीणों की भीड़ महीपाल के घर पर एकत्रित हुई और घटना को लेकर चर्चा होने लगी। सूचना पुलिस को दी गई है। बेहोशी की हालत में दिव्या और बदहवासी में मीना को जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से पूछताछ की है, तथा टप्पेबाजों द्वारा छोड़े गए सामान को कब्जे में लिया गया है। महीपाल ने अज्ञातों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

# राशन डीलरों के यहां लगाई जाने लगीं ई-वेइंग मशीन

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- राशन वितरण प्रणाली में भ्रष्टाचार रोकने को शुरू हुई योजना

**अमृत विचार :** राशन वितरण में भ्रष्टाचार रोकने को डीलरों के यहां ई-वेइंग मशीन लगाई जाने लगी हैं। इससे कोटेदारों में खलबली मची हुई है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन का वितरण मार्च महीने से ई-वेइंग मशीनों से कराया जाना सुनश्चित है। ई-पॉस मशीनों को ई-वेइंग मशीनों से जोड़ा गया है ताकि घटतौली की गुंजाइश न रहे। पूर्ति विभाग में राशन वितरण में हेराफेरी और कालाबाजारी के साथ सबसे ज्यादा शिकायतें घटतौली की ही मिलती थी।


कस्बा गंजडुंडवारा में राशन डीलर के यहां लगी ई-वेइंग मशीन।

> इसी माह से ई-वेइंग मशीनों के माध्यम से राशन वितरण किया जायेगा।सभी डीलरो के यहां ई-वेइंग मशीनें पहुंच चुकी हैं एवं ट्रायल भी करा दिया गया है। मार्च माह का वितरण जल्द ही प्रारम्भ होगा।
> **- भारत साधियान,** क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक, पटियाली

### 10 किलो के बैग में मिलेगा अनाज

राशन वितरको द्वारा 10 किलो के बैग का भी वितरण किया जा रहा है।जिससे उपभोक्ता को किसी तरह के दिक्क़त न हो। एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना के तहत देश के किसी भी राशन दुकान से 5 वर्षों तक हर महीने नि :शुल्क राशन ले सकते हैं और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के तहत अंत्योदय परिवार को हर महीने 35 किलों राशन प्राथमिकता परिवारों के प्रत्येक सदस्य को हर महीने 5 किलो राशन उपलब्ध कराना है।

# 416 विद्यार्थियों ने किया सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभाग

**कासगंज, अमृत विचार :** शैक्षिक एवं सामाजिक संस्था लक्ष्य द्वारा स्वामी ब्रह्मानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता नगला बैनी के रानी आवंतीबाई इंटर कालेज में कराई गई। 416 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। सफल प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया। लक्ष्य के प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र वर्मा ने बताया कि संस्था ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के कैरियर निर्धारण , शैक्षिक उन्नयन के लिए कार्य कर रही है। संगठन मंत्री मदन राजपूत ने बताया कि अधिक अंक प्राप्त करने वाले 151 बच्चों को पुरस्कृत किया जायेगा व शेष सभी को प्रणाम पत्र दिए जाएंगे। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व परीक्षा प्रभारी सरिता राजपूत, मलिखान सिंह पेशकार, अरुण कुमार राजपूत, विनोद कुमार, किरन वर्मा, उमेश कुमार राजपूत, ब्रजपाल सिंह , किरन राजपूत, डा. मनोज राजपूत, राम निवास वर्मा, लक्ष्मण सिंह, विजय प्रताप, कृति वर्मा, अंजू , सुधार सिह, गोल्डी, गोविंद कुमार, ताराचंद राजपूत आदि मौजूद रहे।

# त्योहारों को सौहार्द के साथ मनाने की अपील

संवाददाता, अमांपुर

- ईद और होली को लेकर शांति समिति की बैठक
- एसडीएम और सीओ ने व्यवस्थाओं को लेकर मांगे सुझाव

**अमृत विचार :** त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक में एसडीएम और सीओ ने व्यवस्थाओं को लेकर लोगों से चर्चा की। त्योहारों को सौहार्द से मनाने की अपील की।

एसडीएम कोमल पवार ने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्वक और भाईचारे के साथ मनाएं। किसी भी तरह की समस्या हो तो वह पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में लाएं। रमजान माह शुरू होने वाला है। होली पर्व भी नजदीक है। सीओ शाजिदा नसरीन ने कहा कि होली पर कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो पुलिस को अवगत कराएं।शरारती तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी और शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने कहा कि त्योहार पर भाई चारे का परिचय दें। जबरन किसी पर रंग न डालें। शांति व्यवस्था को बिगाड़ने वाले जेल भेजे जाएंगे। इंस्पेक्टर क्राइम मनोज शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर झूठी सूचनाओं का विश्वास नहीं करें।



अमापुर थाने में शांति समिति की बैठक में मौजूद एसडीएम कोमल पवार, सीओ शाजिदा नसरीन व अन्य लोग। ● अमृत विचार

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल , हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ , मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**कासगंज।** सोरों कोतवाली क्षेत्र में नगला हीरा के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार 55 वर्षीय सुमन देव पुत्र वासुदेव निवासी उढैर पुख्ता कोतवाली सोरों एवं सुषमा पत्नी परमसुख शास्त्री नगर नदरई गेट कासगंज घायल हुए हैं। बताया जाता है कि सुमन देव सिंचाई विभाग में आपरेटर हैं जबकि सुषमा ततारपुर के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका हैं। दोनों लोग बाइक से सोरों जा रहे थे। पुलिस घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार किया।

# आ गया चुनाव तो झंडे बदल रहे हैं

**कासगंज,अमृत विचार :** कस्बा बिलराम के अंसार मैमोरियल इंटर कालेज में आल इंडिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन हुआ। समाजसेवी मनोज गुप्ता एवं अयान खान ने समां रोशन की। अध्यक्षता जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी सुरेश चंद्र ने की।

हास्य कवि सबरस मुरसानी ने पढ़ा कि बिरज में खेलत होली नेता लाल, क दिना की होइ तौ झेलूं ये खेलत पांच साल। नईम अख्तर से कलाम पेश किया कि करम उसका जो उतर आये, हम नदी ग़म की पार कर आये। मुस्कान शर्मा ने कहा कि प्यार की सारी रस्में निभा लुंगी मैं, तेरी सूरत को दिल में छिपा लुंगी मैं। अजीत शुक्ला ने पढ़ा-चाटुकारिता के फंडे बदल रहे हैं, आ गया चुनाव तो झंडे बदल रहे हैं। डा. शोभा त्रिपाठी ने पढ़ा कि इबादत से नहीं है कम इनायत बांटते चलिये, लबों पर मुस्कुराहट की शरारत बांटते चलिये। आतिस सोलंकी, सरला शर्मा, विपिन शर्मा, शिवम अश्क, डा. अजय अटल, सुल्तान जहां, महेश सघर्षी, सतीश मधुप, विवेक झा, राहत खान आरिफ परदेशी ने भी काव्य पाठ किया। मोहम्मद क़ासिम क़ुरैशी, प्रवेश कुमार, प्रेम बाबू, अवनीश कुमार, अजब सिंह, सुनीता यादव, मुनीश कुमार, सैय्यद मुस्तफा हुसैन, गुड्डू चौधरी, सहिद, शिवम जैन आदि मौजूद रहे।



कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में काव्य पाठ करतीं कवयित्री। ● अमृत विचार

# स्थानांतरण पर इंस्पेक्टर को दी गई विदाई

**कासगंज।** थाना अमांपुर के इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र वर्मा के गैर जनपद स्थानांतरण होने पर उन्हें विदाई दी गई।शाल ओढाई, स्मृति चिन्ह भेट किए। इंस्पेक्टर क्राइम मनोज शर्मा, चेयरमैन चांद अली खान, जिला पंचायत सदस्य डा. विक्रम राजपूत, सोनपाल सिंह, रनबीर सिंह, रामनरायन मित्तल, राकेश पाराशर, विजयप्रकाश गुप्ता, दरवेश फौजी, पुष्पेंद्र वर्मा, सुभाष वर्मा, भोले चौहान, भीष्मपाल सिंह, आकाश गुप्ता सर्राफ, मनोज लोधी, असीम यादव, शीलेंद्र सिंह, सतीश कुमार, अनुरूद्र यादव, अवधेश यादव, इन्दल सिंह, सुधीर यादव, संजीव कुमार, शुभम बलियान, विशु कुमार, बृजेश कुमार, पुष्पेंद्र सोनी, रश्मि तोमर, सोनम गौतम आदि मौजूद रहे।

### नाउम्मीदी | किसानों को बैल उपलब्ध कराने की पहल नहीं चढ़ी परवान

# संरक्षण भी नहीं सुना पाया घुंघरू-घंटी की धुन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- जागरूक नहीं हैं किसान, बैलों से खेती के लिए नहीं आ रहे आगे

**अमृत विचार :** एक समय था जब गांव में चौपालों के बाहर घेर में बंधे बैलों की जोड़ी आकर्षण होती थी। गले में बंधे घंटे और घुंघरू की धुन मधुर लगती थी।

धीमे-धीमे हीरा मोती की जोड़ी गायब हो गई, लेकिन जब सरकार ने संरक्षण के लिए पहल की तो गोवंश की संख्या बढ़ गई। किसानों को खेती के लिए बैल, बछड़े उपलब्ध कराने के निर्देश शासन ने दिए थे। इसे किसानों की अनेदखी कहें या फिर पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही, बैलों की जोड़ी निःशुल्क लेने के लिए भी किसी ने रुचि नहीं दिखाई और संरक्षण के बावजूद घंटी-घुंघरू की धुन सुनाई नहीं दी।



गोशालाओं में संरक्षित गोवंश को किसानों को सुपुर्द किए जाने के निर्देश दिए शासन से पहले ही मिल चुके हैं। इन्हीं निर्देशों के क्रम में पशु चिकित्सा विभाग ने किसानों को गोवंश देने की योजना बनाई। गाय के अलावा बछड़े भी किसानों को दिए जाने हैं। उद्देश्य है कि बैलों से खेती करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। यह और बात है कि किसानों ने बैलों की जोड़ी लेने में रुचि नहीं दिखाई। अभी तक मात्र दस किसानों ने ही गोशाला से बछड़े लिए हैं।

### आंकड़ों की नजर से

- 14 गोशाला हैं जिले में
- 4000 गोवंश हैं संरक्षित

> कुछ पशुपालक गाय लेने में तो दिलचस्पी दिखा रहे हैं, लेकिन बछड़े लेने में किसानों की कोई दिलचस्पी नहीं है। जबकि गोवंश पालन के लिए पशुचिकित्सा विभाग भी प्रोत्साहन दे रहा है। **- विजयवीर चंद्रयाल,** सीवीओ कासगंज

### होता था फसल का बेहतर उत्पादन

जब बैलों की जोड़ी से खेती होती थी तो फसलों में बेहतर उत्पादन होता था। बैलों के हल से खेतों की जोताई से मिट्टी अच्छे से मथ जाती थी और पोषक तत्वों की कमी नहीं होती थी। इसके अलावा बैलों की जोड़ी से गन्ने की सहफसली खेती बेहतर होती थी और दो फसलों से अच्छा लाभ मिलता था।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैंने अपनी पुत्री प्रतिमा यादव को गलत आचरण में पड़ जाने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। मैं अपनी पुत्री से अपने संबंध विच्छेद करता हूँ। आज से मेरा मेरी पुत्री द्वारा किये गए किसी भी उचित व अनुचित कार्य के लिए मैं व मेरा परिवार प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार नही होगा। **राम निवास सिंह पुत्र रघुनंदन सिंह निवासी मोहल्ला कानून गोयन पटी गली के पास तहसील फरीदपुर जिला बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### विभिन्न मांगों को लेकर आज धरना-प्रदर्शन करेंगे किसान

**एटा,अमृत विचार :** अखिल भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष अखिल संघर्षी और विशेष यादव प्रमुख प्रदेश महासचिव ने बताया कि 11 मार्च को प्रातः 10 बजे अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले जिला मुख्यालय पर संगठन के कार्यकर्ता, किसान, नौजवान, मजदूर, महिलाओं के सहयोग से प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान बेमौसम बरसात से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिलाने सहित एमएसपी की मांग और दिल्ली के लिए पंजाब हरियाणा से कूच कर चुके किसानों का समर्थन किया जाएगा।

### सिढ़पुरा पुलिस ने गिरफ्तार किए दो वारंटी

**कासगंज :** सिढ़पुरा पुलिस ने थाने से संबंधित एक मामले में न्यायालय से फरार चल रहे दो अरोपियों को मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर राधेश्याम सिंह ने बताया कि आरोपी दीपक कुमार निवासी गांव भुजपुरा एवं नाथूराम निवासी गांव नगला कन्ही को पूछताछ के बाद न्यायलय में पेश किया है। न्यायालय ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### विवाहिता से ससुराल में दुष्कर्म, उत्पीड़न का आरोप

**एटा, अमृत विचार :** मारहरा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती की ससुराल कासगंज के गांव नगला भंडारी में है। पीड़िता का आरोप है कि उसके साथ चार साल तक उत्पीड़न किया गया। इससे भी मन नहीं बना तो ससुरालीजन हैवान बन गए ।एक व्यक्ति ने दुष्कर्म किया। पीड़िता ने इलाकी पुलिस को तहरीर दी, सुनवाई न होने पुलिस के आलाधिकारियों से शिकायत की, तब उसकी रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

### सट्टे की खाईबाड़ी करते एक दबोचा

**एटा :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध जुआ व सट्टे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मारहरा पुलिस द्वारा सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे मुबीन निवासी मोहल्ला बड़ा बाजार मारहरा को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 370 रुपए, सट्टा पर्ची बरामद की है।

# बौर से लद गए बागान, रोगों से बचाना जरूरी

## तना छेदक कीट का सबसे अधिक बना रहता है खतरा, करते रहें कीटनाशक का छिड़काव

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** गुलाबी मौसम है और होली का पर्व भी नजदीक आ रहा है। इससे पहले ही अब गांव में कोयल की कुकू सुनाई देने लगी है। आम के बागों में बौर आ गए हैं। अच्छा बौर देख किसान बेहद खुश दिखाई दे रहे हैं। बागबानो के चेहरों पर खुशी है, लेकिन तनभेदक कीट के खतरे को लेकर अभी से किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

आम के पेड़ों पर बौर लद गए हैं। इसके साथ मिली बग, फल मक्खी, भुगना व तना छेदक कीट के हमले भी तेज हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा आम को प्रभावित करने वाला तना छेदक कीट है, इसके प्रकोप से आम के पेड़ एवं फलों को अधिक क्षति पहुंचती है। इससे निजात पाने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों की ओर से किसानों को सुझाव दिए गए हैं। कृषि वैज्ञानिक डा. प्रणवीर सिंह ने बताया कि आम में तना छेदक कीट तब आक्रमण करता है, जब पौधे की जड़ से फफूंदी प्रवेश कर जाए। फफूंदी के प्रवेश से अंदर की लकड़ी के ऊतक मरने लगते हैं व सूखने लगते हैं। अगर सुरूआती दौर में ध्यान दे दिया जाए तो पेड़ को इस बीमारी से आसानी से बचाया जा सकता है।



कासगंज क्षेत्र में आम के पेड़ पर आया बौर। ● अमृत विचार

**इस तरह करें उपाय:** इन कीटों के हमले से कभी-कभार पूरे पेड़ सूख जाते हैं। इसके बचाव के लिए 250 ग्राम कॉपर सल्फेट अथवा तूतिया पेड़ के जड़ के पास मिला दें। साथ ही दो स्प्रे कॉपर ऑक्सिक्लोराइड 3 किलोग्राम प्रति 100 लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर छिड़काव करें। पहला छिड़काव 15 जुलाई व दूसरा छिड़काव 15 अगस्त को करें। अत्यधिक रोग ग्रस्त बाग में तीसरा छिड़काव बरसात समाप्त होने के बाद 15 सितंबर को भी करना चाहिए।

**इस तरह करें पहचान**

पेड़ की छाल का फटना, टहनियों से गोंद निकलना, कभी-कभी अच्छे पेड़ की कोई एक टहनी सूख जाना छेदक कीट रोग की पहचान है। इस मौसम में तना छेदक कीट का आक्रमण आम के पेड़ों पर होता है। पेड़ के अंदर की लकड़ी सूखने के कारण तना छेदक कीट तने की छाल के अंदर अपने अंडे देता है। उससे सूड़ी निकल के अंदर तने को खाती है और बुरादा जैसा बाहर छोड़ती है।

## ट्रेन रोको आंदोलन को लेकर रेलवे ट्रैक की बढ़ाई सुरक्षा

**फिरोजाबाद।** किसान यूनियनों के द्वारा रविवार को रेल रोको आंदोलन को ध्यान में रख सुबह से ही सीओ के नेतृत्व में पुलिस फोर्स रेलवे स्टेशन और ट्रैक पर पहुंच गया। चार घंटे बीतने के बाद ही फोर्स ट्रैक से हटा।

सीओ प्रवीन कुमार तिवारी ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा और भारतीय किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के ने रविवार को देश भर में 4 घंटे के लिए ट्रेन रोकने का एलान किया था। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। सुबह सीओ प्रवीन कुमार, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, आरपीएफ प्रभारी आनंद सिंह और चौकी प्रभारी योगेंद्र सिंह ने फोर्स के साथ रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

# मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र पहुंचे आगरा, मेट्रो में किया सफर



मेट्रो में यात्रा करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा एवं जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी।

संवाददाता, आगरा

- मुख्य सचिव ने अधिकारियों से ली अगले मेट्रो कॉरिडोर बनने की जानकारी

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा रविवार को आगरा पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के साथ ताज मेट्रो स्टेशन से ताज ईस्ट गेट तक मेट्रो में सफर किया । मेट्रो की सुरक्षा और यात्रियों की सुविधा का जायजा लिया । मेट्रो में यात्रा के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आगरा मेट्रो आत्मनिर्भर भारत के तहत देश में बने मेट्रो कोचेस से चलाई जा रही है। इससे पहले हम विदेशी कंपनियों के मेट्रो कोच मांगते थे ।

उन्होंने बताया कि 2026 तक ताजमहल से सिकंदरा और आगरा कैंट से कालिंदी विहार कॉरिडोर का काम पूरा होगा तो आगरा के स्थानीय लोगों के लिए कम खर्चे में आनंद दायक सफर करने का अनुभव हासिल होगा साथ ही साथ क्लीन आगरा ग्रीन आगरा के नारे को भी बड़ी हद तक सरकार किया जा सकेगा । मुख्य सचिव के साथ आगरा के जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन के एमडी व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# निपुण में जनपद को मिला प्रदेश में चौथा स्थान

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को निपुण बनाने में बड़े जनपदों को पछाड़कर एटा जिले ने प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है।

जिले के परिषदीय विद्यालयों में कक्षा तीन तक के बच्चों को भाषा एवं गणित में निपुण बनाने के लिए निपुण भारत अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बच्चों पर इसके असर के आकलन के लिए विभाग की ओर से निपुण लक्ष्य एप लांच किया गया है। जिसकी मदद से विद्यालयों में प्रतिदिन आकलन किया जा रहा है कि बच्चे अब तक कितने दक्ष हुए हैं। कक्षा एक से तीन तक नामांकित 40047 छात्र-छात्राओं में से 8 मार्च तक 20520 छात्रों का निपुण लक्ष्य एप की ओर से आकलन किया गया, जो 51 प्रतिशत है।

निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से बच्चे कितना दक्ष हुए, कहां अभी कार्य करने की जरूरत है, इसका आकलन किया गया है। आकलन के आधार पर कमजोर कड़ी को मजबूत करने का प्रयास होगा। शिक्षकों को निर्देश हैं कि अधिक से अधिक बच्चों को निपुण बनाया जाए। **-दिनेश कुमार**, बीएसए

**जिले में 1691 विद्यालय हैं संचालित**

जिले में 1691 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में लगभग कुल 1 लाख 43 हजार बच्चे पंजीकृत हैं। परिषदीय स्कूलों में कक्षा 1 से कक्षा तीन तक के बच्चों को भाषा एवं गणित में निपुण बनाने के लिए निपुण भारत अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिला समन्वयक अरुण शर्मा ने बताया स्कूलों में निपुण भारत मिशन के तहत अधिक बेहतर प्रदर्शन करने के लिए निपुण लक्ष्य एप से जोड़ा गया है।

## मौसम में बदलाव से बढ़े त्वचा रोगी

**एटा, अमृत विचार:** सुबह को हल्की सर्दी दिन में तेज धूप पड़ रही है। इससे लोग त्वचा रोग से परेशान होने लगे हैं। धूप के कारण चेहरे, शरीर की त्वचा पर लाल दाने पड़ रहे हैं। अस्पतालों में इन दिनों मरीजों की भीड़ लग रही है। प्रतिदिन 200 से 220 मरीज इस तरह के पहुंच रहे हैं।

मेडिकल कॉलेज की त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति ने बताया कि धूप व गर्मी से टिनिया, फंगल इंफेक्शन से लोग पीड़ित हो जाते हैं। फंगल संक्रमण से पीड़ित लोग भी पहुंच रहे हैं। दाद, घमौरिया, खुजली से लोग पीड़ित हो रहे हैं। 15 दिन पूर्व तक उनके पास 120 से 130 मरीज पहुंचते थे, लेकिन अब त्वचा रोगियों की संख्या में इजाफा हो गया है। लोगों को इस मौसम में सावधानी बरतनी चाहिए। धूप से होने वाली त्वचा की बीमारी को ठीक होने में समय लग जाता है। टिनिया को ठीक होने में एक माह का समय लग जाता है। जबकि स्कैबीज से पीड़ित को स्वस्थ होने में डेढ़ से दो माह का समय लगता है।

# पत्नी से फोन पर बात करने के बाद राजमिस्त्री ने फंदा लगाया

संवाददाता, एटा

- बरेली का रहने वाला था राजमिस्त्री मिथुन कुमार, 12-13 दिन पहले आया था काम करने

**अमृत विचार:** एक मकान में निर्माण कार्य कर रहे मैनपुरी के राजमिस्त्री ने पत्नी से फोन पर बात करने के बाद शनिवार की देर रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार को सुबह शव लटका देख हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जनपद बरेली के सिरौली थानान्तर्गत गांव शिवपुरी निवासी ठेकेदार बादाम सिंह अपने गांव के मिथुन कुमार (32) पुत्र नत्थू लाल, वीरपाल, रामऔतार और रंजीत कुमार को राजमिस्त्री का कार्य कराने के लिए 12-13 दिन पहले एटा लेकर आया था। यह सभी लोग कोतवाली नगर एटा के मारहरा दरवाजा निवासी विनीत कुमार पुत्र चेतराम सिंह के निर्माणाधीन मकान पर काम कर रहे थे। शनिवार की देर रात मिथुन ने अपनी पत्नी से फोन पर बात की, पिता से भी बातचीत हुई। उसके बाद सभी लोग सो गए, लेकिन रात करीब 11 बजे मिथुन लकड़ी की फंट्टी गाटर में फंसा कर उसमें रस्सी बांधकर फंदा लगाकर मकान की पीछे की दीवार पर झूल गया। रविवार को सुबह उसको फंदे पर लटका देख हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने राजमिस्त्री का शव फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों को अवगत कर बुला लिया गया। पिता ने बताया कि उसकी पत्नी करीब एक साल बाद मायके से आई थी। उससे शनिवार की रात बात हुई, उसके बाद बेटा ने आत्महत्या का कदम उठाया ।पुलिस मामले की जांच पड़ता कर रही है।

## सार-संक्षेप

### विद्यार्थियों के साथ शिक्षिकाओं ने खेलों में लिया भाग




**कासगंज, अमृत विचार :** मिरहची के डीके पब्लिक एकेडमी में खेलकूद प्रतियोगिताएं कराई गई। विद्यार्थियों के लिए क्रिकेट, खो-खो और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता कराई गई। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया। दीप जलाकर प्रतियोगिता का आरंभ करते हुए कुसुम गुप्ता एवं प्रबंधक गीता देवी गुप्ता ने किया। खो-खो प्रतियोगिता में छात्रा अन्नू विजेता घोषित की गई। जबकि म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में शिक्षिका शिशु यादव विजेता बनी। क्रिकेट मैच कप्तान सनी की कप्तानी में कक्षा आठ की टीम ने जीता। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। रजत, कमलकांत, कृष्ण पाल, आशीष, एकता कुशवाह सहित अध्यापक, अध्यापिकाएं मौजूद रहे। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 50908 वादों का निस्तारण

**कासगंज, अमृत विचार :** जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत में 50908 वाद निस्तारित किए गए। लोक अदालत का आरंभ जिला जज सैयद माऊज बिन आसिम एवं न्यायिक आधिकारियों ने किया। जिला जज द्वारा चार वादों का निस्तारण कर पांच सौ रुपये अर्थदंड के रूप में वसूले गए। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अल्पना ने 78 वाद निस्तारित किए। मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिकरण राजीव कुमार ने 107 वादों का निस्तारित कर 54 करोड 17 लाख 8938 रुपये मोटर दुर्घटना प्रतिकर के रूप में अवार्ड किए। अपर जिला जज गगन भारती ने 13 वादों का निस्तारण कर 5500 रुपये अर्थदंड वसूला। विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट सुधाकर राय ने सात वाद निस्तारित किए। विशेष न्यायाधीश आदित्य चतुर्वेदी ने सात वाद निस्तारित कर 3500 अर्थदंड वसूला, अपर जिला जज शिखा प्रधान ने छह वादों का निस्तारण किया। एक हजार रुपया अर्थदंड वसूली, अपर जिला जज एकता कुशवाह ने 283 वाद निस्तारित किए। अपर जिला जज घनेंद्र कुमार ने आठ वाद निस्तारित कर 37500 रुपये अर्थदंड वसूला, अपर जिला जज कृष्ण लीला यादव ने चार वादों का निस्तारण करते हुए एक हजार रुपये अर्थदंड वसूला। अपर जिला जज मोहम्मद आरिफ ने तीन वाद निस्तारित कर 1500 रुपये अर्थदंड वसूला, अपर जिला जज विजय कुमार ने एक वाद निस्तारित किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नाहिद सुल्तान ने 5220 वाद निस्तारित कर दो लाख 39 हजार रुपये अर्थदंड के रूप में वसूल किए। सिविल जज अनुपमा सिंह ने सात वाद निस्तारित किए। अन्य तमाम वादों का भी निस्तारण किया गया।

### ग्राम समाज की जमीन को कराया कब्जामुक्त



**अवागढ़ अमृत विचार :** अवागढ़ ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोर्राकलां में ग्राम समाज की जमीन पर वर्षों से ग्रामीणों द्वारा कब्जा कर रखा था। सरकार द्वारा गांव में राशन की दुकान के निर्माण को स्वीकृत प्रदान करने पर नायब तहसीलदार जलेसर विपिन भारद्वाज ने अवागढ़ पुलिस बल के सहयोग से कब्जा मुक्त कराकर सरकारी राशन की दुकान के निर्माण हेतु ग्राम प्रधान शंकरपाल सिंह को सौंप दी। कार्रवाई के दौरान मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। मौके पर अंकुर राघव, राजस्व विभाग की टीम सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। नायब तहसीलदार ने जमीन पर दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल, एफआईआर

**एटा, अमृत विचार :** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुईं मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं। घायलों की तरफ से आरोपितों के खिलाफ अभियोग दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घटनाओं की जांच पड़ताल कर रही है। सकरौली थाना क्षेत्र के गांव सोना निवासी संतोष कुमार का आरोप है कि गांव के निवासी आमिर समेत दो लोगों ने गांव में घेरकर उसके साथ मारपीट कर, गाली गलौज करते हुए धमकी दी गई। कोतवाली देहात के गांव अम्बारी विासी रामवीर सिंह पुत्र चोब सिंह ने गांव के निवासी शैलेन्द्र समेत चार लोगों पर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने और पथराव करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नगर के किदबईनगर निवासी भूरा की तहरीर पर पुलिस ने राकेश यादव समेत चार लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने और धमकी देने तथा किशोरी के कपड़े फाड़न का पुसिल ने मामला दर्ज किया है। जांच की जा रही है। मारपीट की अन्य घटनाओं में जसरथपुर के गांव नगला उम्मेद निवासी रामगोपाल, मलावन के गांव सोंहार निवासी बॉबी पुत्र अवधेश, मलावन निवासी संजय मिश्रा घायल हुआ है। घायलों की तरफ से आरोपितों के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने तहरीर लेने के बाद मामलों की जांच शुरू कर दी है।

# कृषि विभाग में गबन मामले में कमिश्नर से की शिकायत

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** कृषि विभाग में यंत्रों की धोखाधड़ी करके करोड़ों रुपये का गोलमाल करने की शिकायत हुई, लेकिन जिला स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। अब कमिश्नर से गुहार लगाई गई है।

ब्लॉक मारहरा क्षेत्र के गांव जिन्हैरा निवासी किसान भीकम सिंह ने कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की शिकायत की थी। 15 दिन से अधिक समय के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उसने अलीगढ़ मंडलायुक्त से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। कहा कि यंत्र पटल कर्मी ने अपने ही भाई व रिश्तेदारों की फर्मों के फर्जी बिल दोगुनी रकम के बनाकर करोड़ों रुपये का गोलमाल अधिकारियों की मिलीभगत से किया है।

**बुलंदशहर की फर्म के फर्जी बिल बनाकर किया गबन**

उप निदेशक कृषि कार्यालय से जिले के किसानों को तमाम योजनाओं का लाभ दिया जाता है। यहां से किसानों को अनाज भंडारण के लिए कुठिया का वितरण किया गया। इसमें बुलंदशहर की एक फर्म के फर्जी बिल बनाकर रकम हड़पने की भी शिकायतें हैं। सूत्रों की मानें तो लाखों रुपये का गबन कुठिया वितरण में किसानों के नाम से किया गया है।

## दलित मजदूर व किसानों की हितैषी है सपा

**एटा, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने हमेशा गरीब मजदूर किसानों के साथ-साथ, दलित, शोषित, पीड़ित समाज को न्याय और अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया है। उक्त विचार देवेश शाक्य ने एटा सदर विधानसभा के गढ़ी बैंदुला गांव में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन मे व्यक्त किए।

जिलाध्यक्ष परवेज जुबैरी ने कहा कि कार्यकर्ता क्षेत्र में सामाजिक भाईचारा स्थापित करते हुए सपा सरकार में चलीं जनहितकारी योजनाओं को जनता को बताएं। कार्यकर्ता सम्मेलन को सपा नेता जहीर अहमद जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव दुर्गेश कुमार यादव डॉ. ओमेंद्र यादव, डॉ सतेन्द्र यादव जसवीर सिंह यादव फईमुद्दीन वारसी आकाश यादव सतीश यादव धीरेन्द्र सिंह जाटव आदि ने भी संबोधित किया। प्रदीप यादव प्रधान, शशिप्रभा शाक्य, चेतन शाक्य, जितेन्द्र सिंह यादव, तुर्कीपुरा डॉ इब्राहीम अली, फीरोज खान आदि मौजूद रहे।

# अब तो आजा खुदा के लिए...

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचार:** हजरत सैयदना इब्राहिम साह शहिद के 768वें उर्स शरीफ के मौके पर मुकाबला-ए-कव्वाली का आयोजन किया गया। आरंभ उद्योगपति अश्वनी गुप्ता एवं जिला पंचायत सदस्य गजेंद्र सिंह धनगर ने किया।

मुकाबला-ए-कव्वाली में शरीफ परवाज कानपुर द्वारा गाई कव्वाली अब तो आजा खुदा के लिए जिंदगी का भरोसा नहीं। वहीं सनम बारसी बनारस ने कहा कि काशी गंगा जमुना सब हैं एक सामान, हिंदू-मुस्लिम सिख मिलकर रहे यही है हिंदुस्तान। मुकाबला प्रातः 6 बजे तक चला। इस दौरान मेला कमेटी अध्यक्ष मोइनुद्दीन उर्फ बबलू पहलवान, सचिव जाहिद खान, उपाध्यक्ष वकील अख्तर, सचिन, सोहेल खान, मुन्ना पहलवान, महबूब और रहमान, शकील खान, चांद मियां, मोहम्मद अकरम, आसिफ खान, गुलाम अहमद, फरमान खान, नरेन्द्र वाष्र्णेय, अजय गुप्ता, राहुल प्रताप सिंह व अन्य मौजूद रहे।



कव्वाली मुकाबले का आरंभ करते हुए अश्वनी गुप्ता, गजेन्द्र सिंह व अन्य।

### जलेसर विधानसभा की समन्वय बैठक हुई

**जलेसर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव हेतु जलेसर विधानसभा की समन्वय बैठक सरस्वती शिशु मंदिर में आहूत की गई थी। बैठक मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ग्राम पंचायत स्तर के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। बैठक में तीनों खण्ड जलेसर, अवागढ़,निधौली के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। सह लोकसभा समन्वयक आगरा रमेश कुमार लोकसभा ने जीत के सूत्र बताते हुए कहा कि एक एक वोट समय से पड़ जाय इसकी चिंता करनी है। विधानसभा समन्वयक विनोद कुमार धनगर ने बैठक में मण्डल समन्वयक, बस्ती समन्वयक, सह बस्ती समन्वयक व ग्राम पंचायत समन्वयक की जिम्मेदारी दी। बैठक की अध्यक्षता नगर संघ चालक जे पी सिंह ने की। इस दौरान बैठक मेंखण्ड प्रचारक अर्पित ,सह जिला शारीरिक प्रमुख दिशांत बघेल, खण्ड कार्यवाह जलेसर विमल कुमार, खण्ड कार्यवाह अवधेश कुमार,पम्मी ठाकुर, अशोक शर्मा, मण्डल अध्यक्ष नरेश पाल सिंह,गौरब वार्ष्णेय, अटल बिहारी,, सुभाष, राधा रमन, नन्नू सिंह, राजेश वार्ष्णेय,शीलेष गौतम, सुधीर जाटव, दर्शन पाल सिंह , केंद्रीय मंत्री एस पी सिंह बघेल, विधानसभा विस्तारक रामगोपाल एवं अन्य अनुशांगिक संगठनों के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# रेलवे रोड के चौड़ीकरण का पालिका ने शुरू कराया कार्य

संवाददाता, एटा

- सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण लगता था जाम, जल्द लोगों को मिलेगी राहत

**अमृत विचार:** नगर पालिका की ओर से शहर के रेलवे रोड का चौड़ीकरण शुरू कर दिया है। सड़क 7 मीटर चौड़ी बनाई जा रही है। जबकि पहले से संकरी होने के चलते जाम की स्थिति रहती थी। चौड़ीकरण के बाद लोगों को काफी राहत मिलेगी।

रेलवे स्टेशन के लिए जाने वाले मार्ग का चौड़ीकरण कार्य जीटी रोड की ओर से शुरू किया गया है। पटरियों को खड़ाकर सड़क चौड़ी की जा रही है, ताकि आवागमन में लोगों को परेशानी नहीं हो सके। पहले एक तरफ से चौड़ा किया जाएगा, इसके बाद दूसरी ओर से काम होगा। पहले से 5 मीटर की सड़क है, अब एक-एक मीटर दोनों ओर बढ़ाई जा रही है। सड़क का चौड़ीकरण हाइडिल तिराहा तक किया जाएगा। इस मार्ग से शहर के मोहल्ला शांतिनगर, दिनेश नगर, नगला पोता, अरुणा नगर और अंडरपास होकर कासगंज के लिए जाने वाले लोगों का आवागमन होता है। इसके अलावा रेलवे के गोदाम पर माल गाड़ियों से आने वाले सीमेंट, खाद आदि की डुलाई भी ट्रकों से होती है, जो इस मार्ग पर होकर गुजरते हैं।पालिकाध्यक्ष सुधा गुप्ता ने बताया कि रेलवे मार्ग पर चौड़ीकरण का कार्य शुरू करा दिया गया है।

# 15 लाख रुपए की लागत से होगा आनंदपुर मार्ग का निर्माण

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचार:** अवागढ़-फरिहा मार्ग स्थित गांव आनंदपुर तक साढ़े 500 मीटर सड़क 14 लाख 90 हजार रुपए में निर्मित होगी। जिसका शिलान्यास विधायक संजीव दिवाकर ने किया।

उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। सोमवार को रोडवेज बस स्टैंड का शिलान्यास होगा। बस स्टैंड के निर्माण में 90 लाख रुपए की लागत आएगी। रेलवे बोर्ड के सदस्य रमेश पाल सिंह, अबागढ़ अध्यक्ष महेश पाल सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश सारणी, जिला महामंत्री दिनेश लोधी, पटना प्रधानपति हरेंद्र धनगर, मेघराज सिंह, संतोष ठाकुर, सनी गुप्ता, डॉ राजवीर, बाबूलाल, आकाशदीप, मंडल उपाध्यक्ष आकाश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।



मार्ग का शिलान्यास करते विधायक संजीव दिवाकर। ● अमृत विचार

## सरिया से भरे ट्रैक्टर-ट्राली में घुसी कार, युवक की गई जान

**अलीगंज, अमृत विचार :** सरिया से भरे ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से कार घुस गई। हादसे में एक युवक की सरिया घुसने के कारण मौत हो गई। अलीगंज के मोहल्ला लुहारी दरवाजा निवासी साहिल (18) पुत्र शाकिर शनिवार की देर रात कार से आगरा से एटा आ रहा था। कार को बहार मियां चला रहा था। यह लोग मिस्त्री हैं और आगरा से काम करने के लौटे थे। रात करीब 9 बजे बागवाला थाना क्षेत्र के लालकुआं के पास कार सरिया से भरे ट्रैक्टर-ट्राली में घुस गई। इससे साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बहार मियां को मामूली चोट आई। परिजनों ने बताया कि घटना के बाद बाहर मियां फरार हो गया। पुलिस ने शाहिल को अस्पताल भिजवाया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# बस से बुजुर्ग को लगा धक्का थाने के सामने किया हंगामा

**जैथरा, अमृत विचार:**

कस्बे में शनिवार को दोपहर बाद रोडवेज बस का हल्का धक्का एक बुजुर्ग को लग गया। इस पर बुजुर्ग ने थाने के सामने बस को रुकवाकर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने उन्हें समझाकर मामला शांत कराया।

परिवहन निगम की हापुड़ डिपो की बस संख्या यूपी 78 एफटी 9275 जैथरा थाना गेट पर दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे थाना गेट के सामने से गुजर रही थी। तभी गांव छोटी जरारी निवासी रामभरत यादव को सड़क पार करते समय बस का हल्का सा धक्का लग गया। इस पर रामभरत आग बबूला होकर बस के आगे खड़े हो गए। बस चालक को उनके ऊपर बस चढ़ाने के लिए कहने लगे। रास्ता अवरुद्ध होते ही थाना गेट पर जाम लग गया। चालक भी गुस्से में उतरकर आ गया और दोनों के बीच खींचतान हो गई। हंगामा बढ़ता गया। इस पर थाने में मौजूद उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह और राकेश कुमार पुलिस बल के साथ बाहर आए और रामभरत को समझाया। चालक को भी फटकारा। इसके बाद मामला शांत हुआ और बस जाने के बाद यातायात सुचारू हो सका।

